# *एक दुल्हन का चुना जाना*

बहुत सारे बीमार लोग है। मैं उन सभी को एक साथ नहीं ले सकता हूं। लेकिन, सुनना।

2 मैं निश्चित रूप से आज रात यहां फिर से होने के लिए खुश हूं, इस सुंदर सभागार में, लोगों के इस अद्भुत झुण्ड के बीच में। और हम अंदर आ रहे थे, वहां बाहर, कुछ समय पहले, बाहर सड़क पर खड़े लोगों ने कहा कि वे अंदर नहीं जा सके। और मैंने कहा, "तो ठीक है, हो सकता है मैं आपके लिए कुछ स्थान बना सकूं।" और उन्होंने उन्हें अंदर नहीं आने दिया। इसलिए मुझे खेद है कि हमारे पास उनके लिए पर्याप्त स्थान नहीं है। उन्होंने बताया कि तलघर भी भरा हुआ है। और इसके लिए हमें खेद है। लेकिन हम यहां आकर खुश हैं, और सेवकों के इस अच्छे झुण्ड को देखकर हम खुश हैं, यहां के व्यापारी लोग, और आप सभी प्रतिनिधिमंडल को देखकर, जो देश के विभिन्न भागों से है।

3 मुझे आज सुबह के नाश्ते पर बोलने का बड़ा सौभाग्य मिला था, इतने अच्छे लोगों के सामने बोलना, मैं निश्चय ही मानता हूं कि सम्मान की बात है। और मैं इस विषय पर बोल रहा था कि, *भूसी गेहूं के संग वारिस नहीं होगी।* मैं इसे समाप्त नहीं कर सका। और यह उस—उस भाई की गलती नहीं थी। उसने प्रबंधकों के साथ कोशिश की कि हमें थोड़ी देर तक और बने रहने दे, लेकिन वह बस इसके लिए तैयार नहीं हुआ। और भाई देमास, मैं निश्चय ही इसकी सराहना करता हूं। यह बहुत ही, बहुत ही अच्छा था। मैं आप सभी में से प्रत्येक की कृपा और भलाई के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। लेकिन उन्होंने हमें इसे पूरा नहीं करने दिया। इसलिए हमें बस बंद करना पड़ा था—था। मैं इसे किसी और समय में लेकर पूरा करूंगा, *भूसी गेहूं के संग वारिस नहीं होगी।* क्या आप इसे समझ गए, आप जो यहाँ पर थे? मैं आशा करता हूं कि समझने के लिए यह काफी था।

4 अब, आज रात, मैं जानता हूं, वहां एक समिति की चर्चा भी है, इसलिए मैं आपको अधिक समय तक रोक कर रखना नही चाहता कि आप इससे चूक जाये। क्योंकि, मैं ऐसा सोचता हूं कि यह निश्चित रूप से पेंटीकोस्टल विश्वासी लोगों के लिए—के लिए बहुत फ़ायदेमंद था, उस समिति की

चर्चा को उस रात हमने देखा था। यह बहुत ही अच्छे लोगों का झुंड है, और क्या ही अद्भुत और साफ–साफ उत्तर। इसे देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा। और मैं विश्वास करता हूं कि प्रभु आज रात भी इसे आशीषित करेगा। और जो कोई भी उसे देखे, होने पाए वे विश्वास करें। यही मेरी सच्ची प्रार्थना होगी।

5 और बहुत सारी रिपोर्ट पत्रों के द्वारा और टेलिफोन के द्वारा आ रही है, कि बहुत से लोग इस सभा में चंगे हुए है। मैं इस बात से बहुत ही खुश था। मेरी सेवकाई कुछ इस प्रकार की है कि मैं बहुत से बीमारों से मिलूं।

6 मैं—मैं यहां प्रचार करने के लिए आया हूं। मैं, आप जानते हैं, कि मैं प्रचारक नहीं हूं। लेकिन मैं, अपनी इस केंटकी व्याकरण के साथ बोलता हूं, "उसका, नही था" और—और ऐसे ही और भी शब्द है, इसलिए मैं—मैं ऐसा नहीं कह सकता जिसे हम आज के आधुनिक प्रचारक कहते हैं। मैं—मैं उस स्थान को नहीं ले सकता, क्योंकि मेरे—मेरे पास कोई शिक्षा नहीं है।

7 लेकिन मुझे अच्छा लगता है कि मैं दूसरो को इसके विषय में व्यक्त करूं जो मैं जानता हूं, या जो मैं महसूस करता हूं जो मैं इस विषय में जानता हूं, दूसरे भी जाने, मैंने किस प्रकार इसे सीखा है, वह मेरे लिए कैसा है। वही मेरा सारा जीवन है, वह सब जो मैं हमेशा ही होने की आशा कर सकता हूं, और जो मैं सोच सकता हूं मेरे लिए वो उससे अधिक है, जब मैं एक छोटा लड़का था, तो शायद ही इस संसार में मेरा कोई मित्र रहा है। लेकिन निश्चय ही आज मैं बहुत सारे मित्रों के लिए धन्यवादित हूं।

8 मैं... [एक भाई कहता है, "वहां पीछे सुनने में थोड़ी परेशानी हो रही है, भाई ब्रन्हम। माइक के और नजदीक आ जाये।"—सम्पा।] ओह, मुझे क्षमा करे। मेरा—मेरा कहीं तो, एक प्रकार से थोड़ा ध्यान हट गया था, उसने कहा।

9 अब, सीधे सभा को आरंभ करने के लिए, आइए हम पढ़ने के लिए कुछ वचन को निकाले। मैं—मैं हमेशा ही बाईबल पढ़ना पसंद करता हूं, क्योंकि यह परमेश्वर का वचन है। मैं यह विश्वास करता हूं। और मैं यह विश्वास करता हूं कि यह परमेश्वर का अचूक वचन है। और अब मैंने यहां पर कुछ वचन लिखे हुए हैं, और कुछ टिप्पणियाँ लिखी है जिनको कि मैं अगले कुछ क्षणों में लेना चाहूंगा, हो सकता है पैंतालीस मिनटों के लिए।

10 और तब समय में समाप्त करके हम इस अद्भुत समिति की चर्चा को आज रात फिर से देखेंगे। और मैं विश्वास करता हूं कि परमेश्वर आपको आगे भी निरंतर आशीष देता रहेगा। और मैं जानता हूं कि आपको क्या करना है। और मुझे भी गाड़ी चला कर ट्यूसान पहुंचना है, फिर भी, आज रात, देखो, सो आप कल्पना कर सकते हैं। कि यह दस घंटे की यात्रा है।

11 और मुझे विदेश के लिए निकलना है, और मुझे सुबह सरकारी नियम में पीले बुखार का टीका लगवाना है। जिससे कि मैं—मैं वहां पर जा सकूं। मैंने इसे उस दिन आगे के लिए टाल दिया था, और वे अब फिर से "ना" को जवाब के तौर पर स्वीकार नहीं करेंगे। और मुझे टिटनेस और टाईफड के लिए एक और टीका लगाना है और मेरे अतिरिक्त टीके की खुराक को लगाना है।

12 इसलिए, मैं, सो इस अवसर के लिए धन्यवादित हूं, और—और यह अच्छी सभा जो हमारे पास कन्वेंशन से पहले हुई थी। निश्चय ही मेरा हृदय इससे रोमांचित हुआ है। आप बहुत अच्छे लोगों का झुण्ड है। और मैं विश्वास करता हूं कि परमेश्वर आपको आशीष देगा।

13 और जब वह बड़ा समय जब कभी... वह बड़ा दानव जो वहाँ ऊपर पड़ा हुआ था, जिसने कुछ दिन पहले अलास्का में करवट को बदला, इसने आज सुबह फिर से अपनी पूँछ को हिलाया, वहां लगभग, नीचे वॉशिंगटन के क्षेत्र में। वह इस ओर भी आसानी से बढ़ सकता है। और यदि पवित्र आत्मा ने मुझे बताया तो, निश्चय ही...

14 आप में से कुछ लोग... मुझसे पूछ रहा थे कि, "भाई ब्रन्हम, क्या यह यहां भी हो सकता है?" नहीं, मैं यह नहीं जानता। मैं बस नहीं जानता, जब तक मैं नहीं जान जाता। यही सचाई है।

15 मैं हमेशा ही आपके साथ ईमानदार बने रहना चाहता हूं। मैं बस कोई अनुमान नहीं लगाऊंगा, कोई कल्पना, या कुछ तो, जिसका कि मैं विश्वास करता हूं, या इसी तरह से कुछ तो। जब मैं आपको बताता हूं, ऐसा होने जा रहा है। तो देखिए, वो पहले मुझे बतायेगा, और उसके बाद ही मैं आपको बताऊंगा। मैं—मैं जानता हूं कि सारा संसार हिलने–डुलने की स्थिति में है। हम अंत समय पर हैं। लेकिन एक चीज जो मैंने करने की कोशिश की है...

16 भाई शेकरियन आज सुबह कह रहे थे, कि किस प्रकार से वह प्रार्थना

पंक्ति से होते हुए जाया करते थे, और वहां नीचे पहुंचकर और इससे पहले लोग ऊपर आए, और उन से वह प्रार्थना कार्ड ले लेते थे और उन कार्ड को देखते, और देखते थे कि क्या—क्या उन कार्डों पर वही लिखा है जो मैंने उनको बताया है। वह उनके प्रार्थना कार्ड पर किसी भी तरह की कुछ भी बीमारी लिख देते हैं, आप जानते हैं, और वह बस देखना चाहते थे कि ये सही है या नही। उन्होंने कहा, उन सौ कार्डों में जो कार्ड उन्होंने जांचे थे, उनमें से एक भी गलत नहीं हुआ था। उसमें एक भी गलत नहीं होगा, देखिए, क्योंकि, जब—जब तक ये परमेश्वर की ओर से है। यदि मैं वहां कभी अपने आप को दिखाने लगता हूं, तब यह ठीक वहां आरंभ से ही गलत होगा।

17 ज्यादा समय नही हुआ कि एक छोटी लड़की का पिता, जो इस समय बैठे हुए सुन रहे है, मेरे पास आया। लड़की ने एक स्वप्न देखा था। वह बोली, “भाई ब्रन्हम, मैंने एक सपना देखा है, इसका क्या अर्थ है?”

18 मैंने कहा, “बहन, मैं नहीं जानता। मुझे इसे पता करना होगा, यदि प्रभु मुझे बतायेगा।” इसलिए मैंने जाकर और प्रभु से पूछने की कोशिश की, और उसने मुझे कभी नहीं बताया।

19 वह छोटी लड़की फिर से मेरे पास आई। और बोली कि, “तो, अब मेरे सपने का क्या अनुवाद है?”

20 मैंने कहा, “प्रिय, यहां आओ, बैठो।” मैंने कहा, “तुम्हारे पिता और माता मेरे बहुत अच्छे मित्र हैं। देखा? और वे वहां दूर केनडा से आए हैं, वे सेवानिवृत्त हुए हैं, और मेरे साथ यहां परदेसी के समान हैं। जो मैं कहने की कोशिश करता हूं, वे इसका विश्वास करते हैं। और मैंने कभी भी किसी से जान बुझकर अपने जीवन में गलत बात नहीं कही है। यदि मैं... मैं सोचता हूं मैं जान जाता हूं कि उस सपने का क्या अर्थ है। लेकिन जब तक उस सपने को मैं खुद ना देख लूं, और जब तब वो मुझे नही बताता है कि इसका क्या अर्थ है, मैं तुम्हें नहीं बता सकता। देखो, यदि मैं ऐसे ही कुछ भी बात बनाकर बताता हूं, तो हो सकता है कभी ऐसा समय आए कि जीवन और मृत्यु के बीच में आप लोगों को मेरी आवश्यकता पड़े, और उस समय आप यह नहीं समझ पायेंगे कि आप मेरा विश्वास करे या नहीं करे।”

21 यदि मैं आपसे कोई भी बात प्रभु के नाम से कहता हूं, तब यह सच में वही बात होती है। यही है जिसने मुझे यह बताया है। और अब तक,

इन सारे वर्षों में, सारी दुनिया में, और संसार के हर कोने में, यह कभी एक बार भी गलत नहीं हुआ। क्योंकि... और, अब, आप जानते हैं मनुष्य इतना अचूक नहीं हो सकता। इसे करने के लिए परमेश्वर का आत्मा होना चाहिए।

22 और अब मेरे पास एक संदेश है जिसके लिए मैं उत्तरदायी हूं। और बहुत सी बार लोगो के बीच में मेरे विषय में विचार किया गया है, तो, हो सकता है किसी ने बस एक मिनट बैठकर और सोचा नहीं, और यह समझ लिया कि मैं एक—एक, ओह, एक बहुत बुरा व्यक्ति हूं, कि मैं लोगों को पसंद नहीं करता हूं, और हमेशा ही उन्हें सुनाता रहता हूं। और यह ऐसा नहीं है। यह बात ऐसी नहीं है। मैं लोगों से प्रेम करता हूं। लेकिन, आप जानते हैं, कि प्रेम सुधारात्मक होता है।

23 यदि आपका छोटा लड़का बाहर सड़क पर बैठा हुआ हो, और आप कहते है, "प्रिय, जूनियर मैं नहीं चाहता कि तुम वहां बाहर रहो, लेकिन... " और मोटर गाड़ियाँ उसके पास से हॉर्न बजाती हुई निकलती है, और आप उसे अंदर ले आते है। वह फिर से बाहर भाग जाता है। क्यों, आपको उसका सुधार करना चाहिए। यदि आप उससे प्रेम करते हैं, तो आप ऐसा करेंगे। आपको करना ही है।

24 यदि आप एक मनुष्य को नदी पर देखते हैं, जो एक छोटी सी नाव में है, जो बहकर नीचे एक झरने की ओर जा रही है, और आप जान जाते है कि यह नाव जब झरने पर पहुंचेगी, तो ये डूब जायेगी, क्या आप ऐसा कहेंगे, "जॉन, तुम्हे कुछ देर के लिए यह सोचना चाहिए, हो सकता है कि तुम इसे नही कर पाओ"? यदि मुझे मालूम है कि वह यह नहीं कर पायेगा, तो मैं उसको एक झटके से नाव से बाहर खींच लुंगा, यदि मैं कर सकता हूं तो, क्योंकि यह प्रेम है जो ऐसा करता है।

25 और अब, इन संदेशों में जो मैं बोलता हूं, मैं कभी किसी शिक्षा या इत्यादि बातों को लाने का प्रयत्न नहीं करता। ऐसा मैं—मैं अपनी कलीसिया में करता हूं। लेकिन यहाँ बाहर इन पुरुषों और स्त्रियों के बीच में जो कि भिन्न सम्प्रदायों और भिन्न विचारों के हैं, मैं बस एक हल्के रूप में लेने की कोशिश करता हूं, इसे समझाता हूं; लेकिन इतना काफी हैं यदि आप परमेश्वर की आत्मा से जन्म पाए हुए है, मैं विश्वास करता हूं कि आप समझ जायेंगे मेरा क्या अर्थ है, मसीही लोगों के बीच में, मेथोडिस्ट,

बैपटिस्ट, प्रेस्बिटेरियन, और ये जो भी है।

26 अब, आज रात, मैं उत्पत्ती का 24वां अध्याय निकालना चाहता हूं। और मैं 12वे पद से पढ़ना चाहता हूं... उत्पत्ति के 24वें अध्याय से।

> *सो वह कहने लगा, हे मेरे स्वामी... अब्राहम के परमेश्वर* ***यहोवा****, मैं तुझ से प्रार्थना करता हूं, आज मेरे कार्य को सिद्ध कर, और मेरे स्वामी अब्राहम पर करुणा कर।*
>
> *देख, मैं जल के इस सोते के पास खड़ा हूं; और नगर के वासियों की बेटियां जल भरने के लिए निकली आती हैं:*
>
> *सो ऐसा होने दे जिस कन्या से मैं कहूं, कि अपना घड़ा मेरी ओर झुका, मैं तुझ से निवेदन करता हूं, कि मैं उसमें से पीऊं; और वह कहे, कि पी ले, पीछे मैं तेरे ऊंटों को भी पिलाऊंगी: सो वही वो स्त्री हो जिसे तूने अपने दास इसहाक के लिये ठहराया है; और इसी रीति से* मैं जान लूंगा *कि तूने मुझ पर... मेरे स्वामी के प्रति करुणा दिखाई है।*

27 और अब प्रकाशितवाक्य की पुस्तक। उत्पत्ति, यह बाईबल की पहली पुस्तक है। अब, बाईबल के अन्त में, मैं प्रकाशितवाक्य के 21वें अध्याय, और 9वे पद को पढ़ना चाहता हूं।

28 हम जानते हैं यह यहाँ उत्पत्ति का कौन सा वचन है... यदि आप चाहे तो, आप पूरा अध्याय पढ़ सकते है। यह परमेश्वर है जो एलीएजेर को भेज रहा है। या, अब्राहम एलीएजेर को भेज रहा है, मुझे क्षमा करें, ताकि इसहाक के लिए एक दुल्हन को चुने। और वह सुंदर रिबका वहां पर आती है, और उस प्रार्थना के सही उत्तर में जो कि—जो कि अब्राहम के दास एलीएजेर ने अभी–अभी प्रार्थना की थी।

अब प्रकाशितवाक्य के 21वे अध्याय के 9वें पद में।

> *और फिर जिन सात दूतों में से एक मेरे पास आया जिसके पास सात अंतिम विपत्तियों से भरे हुए सात कटोरे थे, और मेरे साथ बातें करके कहा, इधर आ,* और *आ मैं तुझे दुल्हन अर्थात मेमने की पत्नी दिखाऊंगा।*

29 अब आज रात मैं इसके लिए एक विषय को लेना चाहता हूं: *एक दुल्हन का चुना जाना*। और यदि मेरा भाई जो यहां रिकार्ड कर रहा है, यह वो टेप

है जिसे आप आगे बढ़कर और बाहर भेज सकते हैं।

30 और अब, इसमें, ऐसा नहीं है कि मैं केवल इस उपस्थित सभा के लोगों से बोल रहा हूं, लेकिन यह टेप सारी दुनिया में जाते हैं। व्यवहारिक रूप से, ओह, बहुत सारी भाषाओं के लिए इसका अनुवाद का काम किया जाता है, यहां तक कि संसार भर के मूर्तिपूजक देशों के लिए भी। हम उन टेप को कलीसिया की समिति पर मुफ्त भेजते हैं। और उनका अनुवाद किया जाता है। और सारे अफ्रीका के जंगलों में से होते हुए, और भारत में, और दुनिया भर में, ये टेप जाते हैं।

अब, एक दुल्हन का चुना जाना!

31 जीवन की कई चीज़ों में हमें एक चुनाव दिया जाता है। जीवन जीने का तरीका भी अपने आप में एक चुनाव है। हमारे पास अपना खुद का रास्ता लेने के लिए अधिकार होता है, अपने मार्ग स्वयं चुनने के लिए जो हम जीना चाहते हैं।

32 शिक्षा एक चुनाव है। हम चुन सकते हैं कि क्या हम शिक्षित होना चाहते हैं, या हम शिक्षित नहीं होना चाहते हैं। यहां हमारे पास एक चुनाव होता है।

33 सही और गलत एक चुनाव है। प्रत्येक व्यक्ति, प्रत्येक स्त्री, लड़के और लड़की, उन्हें चुनाव करना होता है कि वे सही तरीके से जीने की कोशिश करेंगे या सही तरीके से नहीं जीयेंगे। यह एक चुनाव है।

चुनाव करना एक बड़ी चीज है।

34 आपकी अनंत मंजिल एक चुनाव है। और हो सकता है, आज रात, आप में से कुछ लोग उस—उस चुनाव को करे, कि आप अपनी अनंतता कहाँ बिताएंगे, आज रात इससे पहले यह सभा समाप्त हो। एक समय आएगा, कि, यदि आप बहुत बार परमेश्वर को ठुकरा देते है, तब एक बार ऐसा होगा कि आप उसे अंतिम बार ठुकरा देंगे। अनुग्रह और न्याय के बीच में वहां एक रेखा होती है। और किसी पुरुष या स्त्री, लड़के या लड़की के लिए यह एक भयानक बात है, कि वह इस रेखा के पार कदम को रखे, क्योंकि यदि आप अन्तिम उस रेखा को पार कर जाते है तो फिर वहां वापसी नहीं है। इसलिए, हो सकता है कि यही समय है कि बहुत से लोग अपना—अपना निर्णय ले, कि उन्हें अपनी ना समाप्त होने वाली अनंतता कहां बिताना है।

35 वहां हमारे जीवन में एक और चुनाव है, जो कि, एक जीवन साथी का है। एक नवयुवक या नवयुवती, जो अपने जीवन में कदम रख रहे है,

उन्हें अधिकार होता—होता है कि अपना चुनाव करे। एक नवयुवक चुनता है। नवयुवती के पास अधिकार है उसे ग्रहण करे या इसे अस्वीकार करे। लेकिन ये फिर भी दोनों ओर से चुनाव होता है। पुरुष और स्त्री दोनों का, उनके पास चुनाव करने का अधिकार है।

साथ ही, एक मसीही के रूप में आपके पास भी एक चुनाव है।

36 यहां अमेरिका में चुन सकते है, कि यहाँ तक, आप किसी भी कलीसिया में जा सकते हैं। यह आपका अपना अमरीकन विशेषधिकार है, कि आप किसी भी कलीसिया को चुने जिससे आप अपना संबंध रखना चाहते है। यह एक चुनाव है। यदि आप नहीं जाना चाहते है तो, आपको उनमें से किसी के पास भी जाने की ज़रूरत नहीं है। लेकिन यदि आप मैथोडिस्ट से बैपटिस्ट या कैथोलिक से प्रोटेस्टेंट या इत्यादि से बदल–बदल कर जाना चाहते है, तो आपको कोई यह नहीं कह सकता या दबाव नहीं डाल सकता है कि आप फलां कलीसिया में ही आए। यह हमारी—यह हमारी स्वतंत्रता है। यही हमारा प्रजातंत्र है। हर व्यक्ति अपने लिए चुनाव को कर सकता है। धर्म की स्वतंत्रता है, और यही एक—एक बड़ी बात है। परमेश्वर हमारी सहायता करे कि इसे जितना हो सके हम बनाये रखें।

37 आपके पास भी एक चुनाव है। चाहे... जब आप इस कलीसिया को चुनते हैं, भले ही आप इस कलीसिया में हो, आप चुनाव कर सकते है, आप चाहे ऐसी कलीसिया को चुनें जो आपकी अनंत मंजिल तक मार्गदर्शन करेगी। आप एक ऐसी कलीसिया को चुन सकते हैं जिसके पास कोई धार्मिक सिद्धांत हो, आप उस धार्मिक सिद्धांत के लिए सोच सकते हैं कि यही है जो आप चाहते हैं। या, दूसरी कलीसिया के पास उनके अपने धार्मिक सिद्धांत होते है।

38 और तब वहां परमेश्वर का वचन होता है, आपके पास इसके लिए चुनाव है। आपको चुनाव करना होगा।

हमारे बीच में चुनाव करने का अलिखित नियम है।

39 मैं विश्वास करता हूं कि यह एलिय्याह था, एक समय, कार्मेल पर्वत पर, निर्णायक मुकाबले के बाद, उस संकट की एक बड़ी घड़ी में, जिसमें कि हम ठीक अभी लगभग आ पहुंचे हैं। और शायद, आज रात यह आपके लिए भी हो, कार्मेल पर्वत के अनुभव की तरह कि हम भी अपना यह चुनाव

करे। खुले तौर पर, मैं सोचता हूं अब यह समस्त संसार के लिए है। लेकिन बहुत ही जल्द एक समय होगा कि जब आपको चुनाव करना होगा।

40 और यहाँ आप जो संप्रदायिक कलीसियाओ के लोग है, बस इस पर विश्वास करे, कि जब आप चुनाव करने जा रहे हैं तो वह घड़ी ठीक आपके ऊपर है। या तो आप विश्व परिषद के अंदर चले जायेंगे, या तो आप अब एक संप्रदाय नहीं रहेंगे। आपको यह करना ही होगा, और ऐसा चुनाव जल्द ही आ रहा है।

41 और अंतिम घड़ी तक प्रतीक्षा करना भी ये एक खतरनाक बात है, क्योंकि आप किसी भी चीज को ले सकते हैं इसमें से आप कभी भी नहीं छूट सकेंगे। आप जानते है, कि एक समय आता है जब आपको चेतावनी दी जा सकती है, तब, यदि आप उस चेतावनी की रेखा के बाहर कदम रखते है, तो आप पहले से ही दूसरी ओर चिह्नित हो जाते है, छाप लग चुकी है।

42 याद रखे, जब जुबली का वर्ष आता है, और वो—वो याजक तुरही लेकर उसे फूंकता है, जिससे कि हर एक गुलाम स्वतंत्र होकर जा सके। लेकिन यदि वह स्वतंत्रता को स्वीकार करने से मना कर दे, तब उसे मंदिर में लेकर जाते थे, एक चौखट पर, और सुतारी से उसके कान को छेद दिया जाता था, और तब वह हमेशा के लिए अपने स्वामी की सेवा करता था। और सुनने के प्रतीक के रूप में ऐसा उसके कान पर किया जाता था। "विश्वास सुनने से आता है।" उसने उस तुरही को सुना, लेकिन वो उस पर ध्यान देना नहीं चाहता था।

43 और बहुत बार, पुरुष और स्त्री परमेश्वर के सत्य को सुनते हैं, और इसे प्रमाणित और सिद्ध होते हुए देखते हैं, सत्य, लेकिन फिर भी वे उसे सुनना नहीं चाहते। इसका कुछ और कारण है। उन्होंने कुछ और चुन लिया है जो उनके पास है, कि उन्हें बाद में उस सत्य और तत्थो का सामना करना है, इसलिए सुसमाचार के लिए उनके कान बंद हो सकते हैं। वे उसे फिर कभी नहीं सुनेंगे। मेरा आपके लिए यह परामर्श है, जब परमेश्वर आपके ह्रदय से बात करता है, तो आप ठीक तभी प्रतिक्रिया में आ जाये।

44 एलिय्याह ने उन्हें एक चुनाव दिया, जो उन्हें करना था: "आज ही तुम चुन लो कि तुम किसकी सेवा करोगे। यदि परमेश्वर, परमेश्वर है, तो उसकी सेवा करो। लेकिन यदि बाल परमेश्वर है, तो उसकी सेवा करो।"

45 अब, जैसा कि हम देखते हैं सारी स्वाभाविक चीजें आत्मिक चीजों की प्रतिछाया है, जिनको कि हम आज सुबह अपने इस पाठ में देखने जा रहे है, जैसे कि सूर्य और उसकी प्रकृति। यह मेरी पहली बाईबल थी। इससे पहले कि मैं कभी बाईबल का एक भी पन्ना पढ़ता, मैं परमेश्वर को जानता था। क्योंकि, बाईबल प्रकृति में चारो ओर लिखी हुई है, और यह बस परमेश्वर के वचन से मेल खाती है: किस प्रकार से मृत्यु, गाड़ा जाना, और पुनरुत्थान इस प्रकृति में है; और सूर्य का उदय होना, यहाँ से वहां जाता है, अस्त होता है, मरता है और फिर से उदय होता है। वहां बहुत सी चीजें हैं जिनमें हम प्रतिरूप देख सकते है, परमेश्वर प्रकृति में है, इन बातों को हमें इस संदेश के कारण छोड़ना होगा।

46 अब, यदि आत्मिक, या, स्वाभाविक आत्मिक चीजों का प्रतिरूप है, तब, स्वाभाविक में दुल्हन का चुना जाना, ये एक दुल्हन के चुने जाने का एक प्रतिरूप है, दुल्हन को, आत्मिक रूप में।

47 अब, यह एक गंभीर बात है जब हम एक पत्नी को चुनने के लिए जाते है, एक पुरुष, क्योंकि यहां एक प्रतिज्ञा होती है कि "जब तक हमें मृत्यु अलग ना कर दे।" हमें इसी प्रकार ही बने रहना चाहिए। और आप यह प्रतिज्ञा परमेश्वर के सामने करते है, कि केवल मृत्यु ही आपको अलग कर सकेगी। और मैं सोचता हूं हमें चाहिए... एक सही मानसिकता में, यही एक भविष्य की योजना है, कि उसे ध्यानपूर्वक अपनी पत्नी का चुनाव करना चाहिए। सतर्क रहें कि आप क्या कर रहे हैं। और एक स्त्री पति का चुनाव कर रही है, या एक पति के चुनाव को स्वीकार कर रही है, तो उसे सही में सावधान रहना चाहिए कि वह क्या कर रही है, और विशेषकर इन दिनों में। एक पुरुष को सोचना और प्रार्थना करना चाहिए इससे पहले कि वह पत्नी को चुने।

48 मैं सोचता हूं, आज, क्या मिला है... आज बहुत से तलाक के मामले होते है, जो कि हम अमेरिका में तलाक के मामलों में संसार भर में सबसे आगे है। हम बाकी के संसार से आगे चल रहे रहे हैं। यहाँ पर कहीं और से सबसे अधिक तलाक के मामले है, इस राष्ट्र में, और यह माना जाता है, और समझा जाता है, ये एक मसीही राष्ट्र है। क्या ही निंदनीय बात है, हमारे तलाक के कोर्ट! मैं सोचता हूं, कि इसका कारण यह है क्योंकि पुरुष परमेश्वर से दूर हो गये हैं, और स्त्रियां परमेश्वर से दूर हो गई हैं।

49 और हम देखते हैं, कि, यदि एक पुरुष और एक स्त्री इस मामले में प्रार्थना करे; ना कि बस केवल उन सुंदर आंखों को देखे, या चौड़े मजबूत कंधो को देखे, या ऐसे ही कुछ चीजों को, या दूसरे सांसारिक लगाव को; लेकिन पहले परमेश्वर को देखे, और कहे कि, "परमेश्वर, क्या यह आपकी योजना है? "

50 मैं सोचता हूं, आज, बहुत अधिक धोखा है, बिल्कुल वैसे ही जैसे स्कूल में होता है। जब—जब बहुत से बच्चे आते हैं, एक सुबह को, बहुत से बच्चे मेरे पड़ोस में, जो—जो मेरे मित्र है, वे आकर और कहेंगे, "भाई ब्रन्हम, आप हमारे लिए प्रार्थना करेंगे? आज हमारी एक—एक परीक्षा है। मैंने—मैंने सारी रात पढ़ाई की है, और मुझे ऐसा नही लगता है कि मैं सब कुछ कर सकता हूं—कर सकता हूं। मेरे लिए प्रार्थना करे।" मैं सोचता हूं किसी भी स्कूल का कोई भी बच्चा, यदि आप चाहते हैं, यदि... और सुबह को मेज पर, यदि आप कह सकते है, "मां, जॉन की आज परीक्षा है। आओ अभी हम उसके लिए प्रार्थना करें।" मुझे लगता है यह हमेशा ही किसी भी दूसरे तरीके से बेहतर हो सकता है, या जैसे किसी और की उत्तर–पुस्तिका को देखकर नकल करने से कहीं बेहतर है, मैं सोचता हूं, यदि आप केवल बाहर आकर और उस बात के लिए प्रार्थना करे।

51 और यदि हम उस बात के लिए अध्ययन करे जो हम कर रहे है जब हम विवाह करने जा रहे है, जब हम अपनी पत्नी या पति को चुनते है, यदि हम इस पर अध्ययन करे! एक पुरुष को व्याकुलता के साथ प्रार्थना करनी चाहिए, क्योंकि वह अपना सम्पूर्ण जीवन नष्ट कर सकता है। याद रहे, प्रतिज्ञा है कि "जब तक मृत्यु हमे अलग ना करे," और वह अपना जीवन गलत चुनाव करके नष्ट कर सकता है। लेकिन यदि वह जानता है क्या है, वह गलत चुनाव को कर रहा है और उस स्त्री से विवाह कर रहा है जो कि उसके पत्नी होने के योग्य नहीं है, और वह किसी भी प्रकार से विवाह करता है, तो यह उसका दोष है। यदि स्त्री किसी को एक पति करके ग्रहण करती है और जानती है कि वह उसका पति होने योग्य नहीं, तब यह उसका अपना दोष है, आपके जानने के बाद कि क्या सही है और क्या गलत है। इसलिए, आपको तक तक ऐसा नहीं करना चाहिए जब तक आप पूरी तरह से प्रार्थना ना कर ले।

52 यही बात एक कलीसिया को चुनने में लागू होती है। अब, आपको

अवश्य ही कलीसिया के लिए प्रार्थना करना है जिसमें आप संगति कर रहे हैं। याद रखें, कलीसियाये में एक आत्मा होती है।

53 अब, मैं किसी का आलोचक नहीं होना चाहता हूं। लेकिन मैं यह अनुभव करता हूं कि मैं एक बूढ़ा मनुष्य हूं, और इन्ही दिनों में किसी दिन मुझे यहाँ से छोड़ कर जाना है। और न्याय के दिन मुझे उसका उत्तर देना है, जो कुछ भी मैं आज रात या किसी भी समय कहता हूँ। और इस कारण, मुझे पूरी ईमानदारी और गहरी आत्मिक दृढ़ता के साथ गंभीर होना है।

54 लेकिन, आप एक कलीसिया में जाये, और यदि आप कलीसिया का व्यवहार देखते है, आप बस कुछ समय के लिए पास्टर पर ध्यान दे, तो अक्सर आप यह पायेंगे कि कलीसिया अपने पास्टर जैसा ही व्यवहार करती है। कभी–कभी, मैं सोचता हूं कि क्या हम पवित्र आत्मा के स्थान पर एक दूसरे की आत्मा को नहीं ले रहे हैं। आप ऐसे स्थान पर जाये जहाँ एक पास्टर बहुत ही कट्टर और उग्र व्यवहार करता है, आप पायेंगे कि सभा के लोग भी वैसे ही होते है। मैं एक ऐसी कलीसिया दिखाऊंगा जहां मैंने देखा कि पास्टर खड़ा होता है, अपने सिर को आगे–पीछे झटकता है। आप सभा के लोगों की ओर देखना, वे भी वैसे ही करते हैं। आप एक ऐसे पास्टर को लेते है जो बिना सोचे–समझे सब कुछ स्वीकार कर लेता है, तो आमतौर पर कलीसिया भी वही चीज को करती है। इसलिए, यदि मैं कोई कलीसिया चुनता हूं, तो मैं एक सच्ची, मूल आधार, बाईबल की पूर्ण सुसमाचार वाली कलीसिया चुनुगा, यदि मैं किसी एक को चुनता हूं कि उसमें मैं अपने परिवार को रख सकूं। चुनाव करता। मैंने देखा...

55 एक दिन, वे लड़के, भाई शेकेरियन के पुत्र और उनके दामाद, मुझे एक नवयुवक के पास प्रार्थना करने के लिए ले गये, एक गायक, एक बढ़िया युवक था। जो कि हाल ही में वापस आया... फ्रेड बरकर, उसका नाम था, जो हाल ही में अपनी छोटी यात्रा से वापस आया था। और उन्होंने मुझे बुलाया, कहा कि, "फ्रेड मर रहा है।" और तब, इससे पहले कि मैं उस घर में जाता, दूसरा संदेश आया, "वह इस समय कभी भी मर सकता है।" और उसने कहा उसके दिमाग में एक—एक चोट आयी है, और उसे लकवा हुआ है, और—और वह मर रहा था, और उसकी पत्नी चाहती थी कि मैं उसके लिए प्रार्थना करूं।

56 और मैंने सोचा, "ओह, यदि मैं हवाई जहाज से जाने का यत्न करूं,

तो वह मेरे वहां पहुंचने से पहले मर जाएगा, और हो सकता है अब मर गया हो।" इसलिए, मैंने जल्दी से उस छोटी सी महिला को फोन किया। और—और हमने फोन को फ्रेड के कान तक पहुंचाया। वह भोजन को निगल नहीं सकता था। वे उसे पाईप के जरिये खिला रहे थे। और जब हमने उसके लिए प्रार्थना की, उसने कहा, इशारा किया, इस पाइप को उसके गले से बाहर निकालो। वह निगल सकता था। डॉक्टरों ने इसका विश्वास नहीं किया। उन्होंने उसे निकाल दिया, और वह निगल सकता था। और वह एक दिन उठकर बैठा हुआ था।

एक कलीसिया; एक कलीसिया का चुना जाना।

57 अभी थोड़ी देर पहले ही, एक फोन आया। आज सुबह, मेरे कलीसिया का एक सदस्य, जो कि असल में लुईसविले की बैपटिस्ट महिला है, वो आज प्रात: मर गई। और मेरी स्थानीय कलीसिया, जो एक सच्चे पवित्र व्यक्तियों का झुण्ड है, आपस में एक साथ एकत्र हुए और उसके शरीर को सड़ने से बचने का लेप लगाया, इससे पहले की अंतिम संस्कार की क्रिया करने वाले के पास ले जाये, वहां पर वे उसके पास खड़े होकर और तब तक प्रार्थना करते रहे जब तक उसमें जीवन वापस नहीं आ गया। और आज रात वह जीवित है। मेरी कलीसिया के प्राचीन लोग, क्यों, उन्हें यह विश्वास करना सिखाया गया है कि सारी बाते संभव है, परमेश्वर के पास ईमानदारी से आये।

इसलिए, आपको अवश्य ही सही चुनाव करना चाहिए।

58 फिर से, उस प्रकार की स्त्री जिसे एक पुरुष चुनता है, ये बात उसके आकांशाओं और चरित्र को प्रतिबिंबित करती है। यदि एक पुरुष गलत स्त्री को चुनता है, तो यह उस पुरुष के चरित्र को दर्शाता है। और वह अपने आप को किससे बांधता है, वास्तव में दिखाता है कि उसमें क्या है। एक स्त्री प्रतिबिंबित करती है कि उस पुरुष में क्या है जब वह उसे पत्नी बनाने के लिए चुनता है। यह दिखाता है उसके अंदर क्या है। बाहर से वह क्या कहता है इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, ये देखो कि वह विवाह किस से कर रहा है।

59 मैं एक व्यक्ति के ऑफिस में जाता हूं, और वह कहता है कि वह एक मसीही है; उसकी दीवारों पर चारो ओर ऐसी–वैसी तस्वीरें टंगी हुई है, बुगी–वुगी संगीत बज रहा है। मैं परवाह नहीं करता वो क्या कहता है। मैं

उसकी गवाही का विश्वास नहीं करता, क्योंकि उसकी आत्मा उन संसारिक चीजों को ग्रहण कर रही है। क्या हो, कहें तो, यदि वह गायक–दल वाली लड़की से विवाह करे, या क्या हो यदि वह कामुक सुन्दरी से विवाह करे, या सुन्दर, आधुनिक मदमस्त लड़की से? यह प्रतिबिंबित करता है, दिखाता है कि वह अपने दिमाग में भविष्य के लिए कैसा घर बसाने जा रहा है, क्योंकि उसने उसे अपने बच्चों के पालन पोषण के लिए चुना है। और वह जैसी भी है, उसी प्रकार से वह उन बच्चों का पालन पोषण करेगी। इसलिए, यह बात प्रतिबिंबित करती है कि उस पुरुष के अंदर क्या है। एक पुरुष जब एक स्त्री को इस प्रकार से लेता है, वह बात केवल यह प्रकट करती है कि वह अपने भविष्य के लिए क्या सोच रहा है।

60 क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि एक मसीही इस प्रकार से कर सकता है? नहीं, श्रीमान। मैं नहीं कर सकता। एक सच्चा मसीही ऐसी सुन्दरियों, और गायक–दल वाली लड़की, और कामुक सुन्दरी को नहीं ढूंढेगा। वो मसीही चरित्र को ही ढूंढेगा।

61 अब, आप सारी चीजों को नहीं पा सकते है, एक लड़की हो सकता है जो कि सही में सुंदर हो, और दूसरी लड़की, हो सकता है उसका डील–डौल *इस* एक लड़की से अच्छा ना दिखता हो, और आपको एक के लिए दूसरे को बलिदान करना पड़ सकता है। लेकिन यदि इसका डीलडौल एक महिला का नहीं है, या एक स्त्री जैसा, और वह... मैं परवाह नहीं करता कि चाहे वह सुंदर हो या नहीं, आपके लिए अच्छा होगा कि पहले आप चरित्र को देखें, चाहे वह सुंदर हो या नही हो।

62 अब, क्योंकि, यह हो रहा है, यदि एक मसीही एक पत्नी को चुनता है, तो उसे एक सच्ची, फिर से जन्म पायी हुई महिला को चुनना चाहिए, इस बात की परवाह किए बिना कि वह कैसी दिखती है। यही है जो वो है, जो उसे बनाता है। और तब, फिर से, यह उसके अपने धार्मिक चरित्र को प्रतिबिंबित करता है, और यह बात प्रतिबिंबित करती है कि उसके दिमाग में क्या है और उसके परिवार का भविष्य क्या होगा, क्योंकि उसके परिवार का पालन–पोषण ऐसी स्त्री के द्वारा किया जाएगा, उसके घर के भविष्य की योजनाओं के लिए।

63 यदि वो आधुनिक मदमस्त कामुक सुन्दरी से विवाह करता है, तो वह उससे कैसी अपेक्षा कर सकता है? वह व्यक्ति किस प्रकार के घर पाने की

अपेक्षा कर सकता है? यदि वह ऐसी लड़की से विवाह करता है जिसके अन्दर अपने विषय में इतनी भी नैतिकता ना हो कि वो घर पर ही रहे और घर की देखभाल करे, और वह बाहर किसी के ऑफिस में काम करना चाहती है, तो वह किस प्रकार की गृहणी होगी? आप बच्चों की देखभाल करने वालों के पास रखेंगे, और बाकी की हर एक चीज। यह सच है।

64 अब, मैं काम करने वाली आधुनिक स्वभाव वाली स्त्रियों के पक्ष में नहीं हूं। जब मैंने वर्दी को पहने हुए मोटर साईकल पर पुलिस के रूप में स्त्रियों को शहर में घूमते देखा, यह किसी भी शहर के लिए एक लज्ज्ञा की बात है जो स्त्रियों को ऐसा करने देता है। देखा? देखा? जबकि बहुत से पुरुष बेरोजगार हैं, यह हमारे शहर के आधुनिक विचार को दर्शाता है। यह अपमानजनक बात को दिखाता है। हमें स्त्रियों को इस तरह से बाहर नहीं जाने देना चाहिए। उनका इस तरह से बाहर जाना यह उनका काम नहीं है।

65 जब परमेश्वर ने एक पुरुष को एक पत्नी दी, तो उसने उद्धार को छोड़ उसे सबसे अच्छी चीज दी जो वह दे सकता था। लेकिन जब कोई स्त्री पुरुष का स्थान लेने की कोशिश करती है, तब वह स्त्री उसके लिए सबसे बुरी चीज़ बन जाती है। अब, यह सही बात है। देखा?

अब हम इस बात को आत्मिक में लागू करके देख सकते हैं।

66 मैं—मैं जानता हूं कि यह खराब बात है, आप सोचते हैं यह ख़राब बात है, लेकिन यह सत्य है। हम चिन्ता नहीं करते कि यह कितनी खराब बात है, हमें सच्चाई का सामना करना है। यही है जो बाईबल सिखाती है। देखा?

67 अब, हम यहाँ परमेश्वर की आत्मिक योजना को स्पष्ट रूप से देखते हैं, परमेश्वर की योजना उसके भविष्य के घर के लिए उसकी भविष्य की दुल्हन के साथ है, अब दृश्य में आ रही है।

68 यदि पुरुष एक कामुक सुन्दरी से विवाह करता है, तो आप देख सकते हैं कि वह भविष्य के लिए किस बात के लिए देख रहा है। यदि एक पुरुष, एक स्त्री से विवाह करता है जो घर में रहती है, तो आप समझ सकते हैं कि वह अपने भविष्य के लिए क्या देख रहा है। और मैं एक बार...

69 यह सुनने में बहुत ही बुरा लगता है। और मैं बस इस बात को कहने के लिए महसूस कर रहा हूं। और मैं—मैं, अक्सर, यदि मैं कुछ बात को

कहने के लिए महसूस करता हूं, तो मुझे इसे कह देना चाहिए। और यही अक्सर परमेश्वर का तरीका होता है।

70 मैं—मैं एक पशुपालक के साथ जाया करता था जिसके साथ मैं काम करता था, कि गाय–बैल को खरीदे। और मैंने देखा कि यह बुजुर्ग व्यक्ति इससे पहले कि उसकी बोली लगाये वो ठीक उस बछड़े के मुख की ओर देखा करता था। तब वो उसके मुख को घुमा कर, आगे और पीछे देखा करता था। मैं उसका अनुकरण करता और उसे देखा करता। और वह गाय को ऊपर और नीचे देखा करता, क्या वह दिखने में सही लगती है, कद–काठी में। तब वह घूम कर और उसके मुख की ओर देखता, और कभी–कभी वह अपना सिर हिला कर और आगे चल देता।

मैंने कहा, "जैफ, मैं आपसे कुछ तो पूछना चाहता हूं।"

उसने कहा, "पूछो बिल।"

71 और मैंने कहा, "आप क्यों हमेशा ही उस गाय के मुख की ओर देखते हो? " मैंने कहा, "वह ठीक दिखाई पड़ती है, एक अच्छी—अच्छी खासी भारी गाय।"

72 उसने कहा, "मैं तुम्हे बताना चाहता हूं, लड़के, अभी तुम्हे बहुत कुछ सीखना है।" जब उसने मुझे बताया तो बाद में मुझे—मुझे इस बात का अनुभव हुआ। उसने कहा, "मैं परवाह नहीं करता कि उसकी कद–काठी कैसी है। वह ऊपर से खुर तक, अच्छी गाय हो सकती है। लेकिन यदि उसके चेहरे पर जंगली घूर कर देखने के भाव है, तो तुम उसे कभी भी नहीं खरीदना।"

मैंने कहा, "ऐसा क्यों, जैफ? "

73 "तो," कहा, "पहली चीज यह है," कहा, "वह कभी भी स्थिर नहीं रहेगी।" और उसने कहा, "अगली चीज यह है, कि वह अपने बछड़े के लिए कभी भी माँ नहीं बनेगी।" और कहा, "वे उसे अभी बाड़े में रखते है, इसी कारण वह हट्टी–कट्टी है। ऐसी जंगली घूर कर देखने वाली को तुम खुला छोड़ दो, वह भागते–फिरते अपने आप को मार डालेगी।"

74 मैंने कहा, "आप जानते है, मैंने एक प्रकार से कुछ तो सीख लिया है। मैं सोचता हूं यह बात स्त्रियों पर भी लागू होती है।" सही है। सही है।

75 वह जंगली, घूर कर देखने के भाव, मदमस्त सी दिखने वाली, अच्छा होगा कि आप उस से दूर ही रहे, लड़को, वो सब जो ये नीले रंग की चीजें है वे अपनी आंखों के ऊपर लगाती है। और मैं नहीं... मैं उसे कभी नहीं चाहता। मैं नहीं सोचता कि यह एक मसीही के लिए उचित है। मैं परवाह नहीं करता कि टेलीविजन और अखबार कितना भी कहे कि यह सुंदरता है। यह तो बहुत ही भयानक भद्दी दिखने वाली चीज है, जो कभी मैंने अपने जीवन में देखी होगी।

76 जब मैंने पहली बार ऐसा देखा, क्लिफ्टन कैफेटेरिया में, एक सुबह, नाश्ते के समय... मैंने उनमें से कुछ नवयुवतियो को आते हुए देखा। भाई आर्गनब्राइट और मैं ठीक तभी अन्दर आए थे। और वो सीढ़ी से नीचे चले गए थे। और मैंने उस लड़की को अंदर आते देखा। और मैंने सोचा, "ठीक है, मैं—मैं—मैं—मैं नहीं जानता।" इससे पहले मैंने ऐसा कभी नही देखा है। ये कुछ इस प्रकार का था। ओह, ये ऐसा लग रहा था जैसे उसे कोई रोग लग गया हो, आप समझ रहे है, बस एक प्रकार से अजीब सी दिख रही थी। मैं—मैं यह मैं मजाक बनाने के लिए नहीं कह रहा हूं, मैं—मैं कह रहा हूं... आप जानता है, मैंने कोढ़ को देखा है, मैं एक मिशनरी हूं, आप जानते है, मैंने हर प्रकार की अनूठी चीजें देखी है, कि किस प्रकार से... बीमारियां, और मैं चलकर उस युवा महिला के पास जा रहा था और उसे बताने जा रहा था कि, "मैं—मैं—मैं एक सेवक हूं, मैं—मैं बीमारों के लिए प्रार्थना करता हूं। क्या—क्या आप अपने लिए मुझसे प्रार्थना करवाना पसन्द करेगी? " और इस प्रकार की चीज मैंने कभी नहीं देखी थी। और तब, वहां दो या तीन महिलाये और भी वहां आ गयी, अंदर। मैं तब एक प्रकार से पीछे हट गया और रुका रहा।

77 और भाई आर्गनब्राइट वहां आ गए, तो मैंने कहा, "भाई आर्गनब्राइट? " हो सकता है वो यहाँ पर हो। मैंने कहा, "उस स्त्री के साथ क्या मामला है? " देखा?

और उसने कहा, "उसने, उसने चेहरे को रंगा है।"

78 मैंने कहा, "ओह, प्रभु, परमेश्वर!" देखा? मैंने सोचा कि उसे किसी अलग–थलग स्थान या कहीं तो और रखना चाहिए, ताकि सारी दूसरी महिलाओं में इसे फैलने से रोका जा सके।

79 लेकिन, आप जानते हैं, आपको योजना बनानी है, देखो, प्रार्थना करे,

जब आप चुनाव कर रहे हैं। क्योंकि, हम इसके द्वारा, प्रतिज्ञा के वचन को देखते हैं। वह, वो दुल्हन जिसे एक पुरुष चुनेगा, उस पुरुष के चरित्र को प्रतिबिंबित करने जा रही है। यह प्रतिबिंबित करती है कि उस पुरुष में क्या है।

80 अब, क्या आप कल्पना कर सकते हैं, कि एक पुरुष जो पवित्र आत्मा से भरा हुआ है, कुछ तो इस प्रकार की स्त्री को पत्नी होने के लिए चुनेगा? भाई, मैं—मैं—मैं बस ऐसा कही नहीं देखता। अब, हो सकता है कि मैं बस बूढा सनकी हूं। लेकिन, आप जानते हैं, कि मैं—मैं इस बात को नहीं समझ सकता हूं, देखा, ध्यान देंना, क्योंकि यह प्रतिबिंबित होने जा रहा है कि उस पुरुष में क्या है। वो भविष्य में उसका घर बसाने में उसकी सहायता करने जा रही है।

81 अब, फिर, जब हम इसको अभी कुछ क्षणों के लिए, आत्मिक रीती पर बदलने जा रहे हैं। और जब आप एक कलीसिया को देखते हैं जो संसार में है, संसारिक तौर पर व्यवहार करती है, संसार की चीजों की अपेक्षा करती है, संसार में जुडी हुई है, परमेश्वर की आज्ञाओं को ऐसा मानती है जैसा कि उसने कभी उन्हें लिखा ही नहीं था, तब आप—आप बस कल्पना कर सकते हैं कि मसीह इस प्रकार की दुल्हन को नहीं लेगा। क्या आप कल्पना कर सकते है कि वह इस आधुनिक कलीसिया को अपनी दुल्हन के रूप में लेगा? नही मेरे प्रभु। मैं नहीं... मैं शायद ही ऐसा देख सकता हूं। नहीं। याद रखिए, अब, एक पुरुष और उसकी पत्नी एक है। क्या आप अपने आप को इस तरह के व्यक्ति के साथ जोड़ना चाहेंगे? यदि आप चाहेंगे, तो निश्चय ही मेरे विश्वास को आप के अन्दर निराशा ही मिलेगी।

82 और, फिर, परमेश्वर के विषय में कैसा रहेगा कि वह अपने आप को इस प्रकार की चीज के साथ जोड़े, जो कि नियमित सांप्रदायिक वैश्या है? क्या आप सोचते हैं कि वह ऐसा करेगा, "भक्ति का भेष तो धरते है, परंतु उसकी शक्ति का इन्कार करते है"? वह ऐसा कभी नहीं करेगा। उसके अन्दर अवश्य ही उसका चरित्र होना चाहिए। एक मूल, सच्चे, नया जन्म प्राप्त कलीसिया के अन्दर वही—वही चरित्र होना चाहिए जो मसीह में था, क्योंकि पति और पत्नी एक है। और यदि यीशु ने केवल वही किया जिसने परमेश्वर को प्रसन्न किया, उसके वचन का पालन किया और उसके वचन को प्रकट किया, उसकी पत्नी के अन्दर भी उसी प्रकार का चरित्र होगा।

वह किसी भी तरह से एक संप्रदाय नहीं हो सकती। क्योंकि, तब, कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितना भी कहना चाहे, "नहीं," वह कहीं तो एक बोर्ड के द्वारा नियंत्रित होती है, जो उसे यह बतायेगा कि उसे क्या करना है और वह क्या नहीं कर सकती, और, बहुत सी बार, सच्चे वचन से लाखों मील दूर होगी।

83 यह बहुत बुरी बात है कि हम कभी भी अपने सच्चे अगुवाई करने वालो से दूर चले जाते है जिसे परमेश्वर ने हमारे लिए रखा है ताकि कलीसिया की अगुवाई करे। उसने कभी भी राज्य के पुरोहितों को नहीं भेजा। उसने कभी भी बिशप, कार्डिनल, याजक, पोप को नहीं भेजा। उसने कलीसिया के लिए पवित्र आत्मा को भेजा है, कि कलीसिया की अगुवाई करे। "जब वह पवित्र आत्मा आता है, तो वह तुम्हें सारे सत्य में अगुवाई करेगा, इन बातों को तुम पर प्रकट करेगा, जो मैंने तुम्हें बताया है, तुम्हे सारी बातें याद दिलाएगा, और आने वाली बातों को तुम्हें दिखाएगा।" पवित्र आत्मा को यही करना था। अब, आधुनिक कलीसिया इससे घृणा करती है। वे इसे पसंद नहीं करते, इसलिए वह भला मसीह की दुल्हन कैसे हो सकती है? आज के लोग एक आधुनिक संप्रदाय को चुनते हैं। ये क्या करता है, यह केवल उनके वचन के प्रति कम समझ को प्रतिबिंबित करता है।

84 मेरा मतलब यहां किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं है, लेकिन मेरा अर्थ यह है कि यह आपके ह्रदय की गहराई चला जाए जब तक आप इसे देख ना ले।

85 मैंने बहुत से जोड़ों का विवाह लगाया है, लेकिन ये हमेशा मुझे दुल्हन और मसीह की याद दिलाता है। कुछ समय पहले, मैंने एक विवाह लगाया था, यह—यह मेरे जीवन में इसका एक बहुत ही विशेष महत्त्व था। यह बहुत वर्षो पहले की बात है, जब मैं बस एक युवा सेवक ही था।

86 मेरा भाई उस—उस पीडब्लूए में काम करता था। मैं नहीं जानता कि अभी तक यह बात किसी को याद होगी या नही, कोई भी जो मेरी आयू का है। और यह एक—एक सरकारी परियोजना थी। और मेरा भाई लगभग तीस मील दूर काम करता था। वे एक सिचाई परियोजना के लिए कुछ झीलों को खोद रहे थे।

87 और वहां एक लड़का उसके साथ काम कर रहा था, जो इंडियानापोलिस से था, लगभग, ओह, लगभग जेफरसनविले से सौ मील

ऊपर जहां मैं—मैं रहता हूं, मतलब रहता था। और वहां एक... जिसने एक दिन मेरे भाई से कहा, उसने कहा, “डॉक्,” उसने कहा, “मैं—मैं चाहता हूं... यदि मेरे पास प्रचारक को भुगतान करने के लिए पर्याप्त पैसा होगा, तो मैं विवाह करूंगा।” उसने कहा कि, “मेरे पास—मेरे पास इतना पैसा है कि मैं अपने विवाह का लाइसेंस ले सकूं, लेकिन,” कहा, “मेरे पास इतना नही है कि प्रचारक की फीस भर सकूं।”

88 डॉक् ने कहा, “भाई, मेरा भाई एक प्रचारक है, और—और वो—वो तुम्हारा विवाह लगा सकता है।” उसने कहा, “वह लोगो से इस तरह के कामों के लिए कभी पैसा नहीं लेता है।”

उसने कहा, “क्या तुम उससे पूछोगे यदि वह मेरा विवाह करवा दे?”

89 तो, उस रात मेरे भाई ने मुझसे पूछा। मैंने कहा, “यदि वह इससे पहले कभी भी विवाहित नहीं था, दोनों में से कोई भी, और वे... हर एक चीज सही है।”

उसने कहा, “ठीक है, हाँ, मैं उससे पूछूंगा।”

और मैंने कहा, “यदि ऐसा है, तो उससे कहना, यहां पर आ जाए।”

90 सो, जब शनिवार का दिन आया तो वह लड़का वहां पर आया। जब भी मैं इस बात को याद करता हूं, तो मेरे लिए यह एक बड़ी बात रही है। मैं... दोपहर को वर्षा हो रही थी, और एक पुरानी शेवरलेट कार, सामने आकर खड़ी हुई, जिसकी सामने की बत्ती के तार निकले पड़े थे, ये ऊपर की ओर थे। ये बस कुछ समय बाद की बात है जब मैं अपनी पत्नी को खो चुका था, और मैं दो छोटे कमरे वाले मकान में रह रहा था। और—और डॉक् भी वहां मेरे साथ, उनकी प्रतीक्षा कर रहा था।

91 और—और एक लड़का कार से बाहर निकला, और वह निश्चय ही मुझे दूल्हे जैसा नहीं लग रहा था, या मैं सोचता हूं किसी को भी नहीं लग रहा था, मैं समझता हूं। जी हां। मैं डेढ डॉलर में सुन्दर अच्छा सा जूते का जोड़ा खरीद सकता था। और उसने जो जूता पहन रखा था, वह घिस चुका था। और उसकी पेंट भी बहुत ही ढीली-ढाली थी। और उसने वो पुरानी सी नरम सूती कपड़े की जैकेट पहन रखी थी। मैं नहीं समझता कि आपमें से कुछ पुराने लोगों को याद होगा। ऐसा दिखाई दिया कि जैसे यह बिना धोये हुए ही कपड़े धोने की मशीन में से निकाली गयी थी, और उस

पर धारियां सी पड़ी हुई थी, *इस* तरह से बंधा हुआ और कोना ऊपर की ओर था।

92 और एक—एक छोटी सी महिला एक ओर से उतरी, एक छोटी सी, ओह, उनमें से कुछ छोटे चौकोन डिजाइन वाली पोशाक पहनी थी।

93 मैं नहीं जानता। एक बार मैंने उस तरह के कपड़े का नाम लेने में गलती कर दी। गिंगहैम, मैं सोचता हूं कि इसे यही कहते है। और सो ये एक... [सभा के लोग हंसते है—सम्पा।] मैंने इसे फिर से गलत बोल दिया। मैं—मैं हमेशा ही ऐसा करता हूं। और मैंने कहा...

94 वह कार से बाहर निकली, और वे दोनों सीढ़ियों पर से ऊपर आये। और—और जब वे अंदर चलकर आए, वह बेचारी छोटी सी चीज, वह... मुझे लगता है, कुल मिला कर, बस उसने एक लम्बी सी स्कर्ट पहन रखी थी। और पैरो में जूते ना के ही बराबर थे। वो इंडियानापोलिस से सहयात्री होकर वहां पर आई थी। उसके छोटे बाल नीचे लटक रहे थे, पीछे, एक प्रकार की लम्बी चोटी उसकी पीठ के नीचे तक थी। बहुत ही युवा दिखाई दे रही थी।

और मैंने उससे कहा, “क्या तुम्हारी उम्र इतनी है कि विवाह कर सको? ”

95 वह बोली, “जी हां, श्रीमान।” और बोली, “मेरे पास मेरे पिता और माता की लिखित अनुमति है।” उसने कहा, “मुझे अपना लाइसेंस लेने के लिए इसे यहां के कोर्ट को—को दिखाना था।”

96 मैंने कहा, “तो ठीक है।” मैंने कहा, “इससे पहले कि हम इस विवाह के रस्म को करें, मैं आप लोगों से थोड़ी बात करना चाहता हूं।” वे बैठ गए। लड़का कमरे में इधर–उधर चारों ओर देख रहा था; उसे बाल कटाने की बहुत ही आवश्यकता थी। और वह कमरे में लगातार चारों ओर देखे जा रहा था। वह मेरी बात पर ध्यान नहीं दे रहा था। मैंने कहा, “पुत्र, मैं चाहता हूं कि जो मैं कह रहा हूं तुम उसे सुनो।”

बोला, “जी हां, श्रीमान।”

और मैंने कहा, “क्या तुम इस लड़की से प्रेम करते हो? ”

उसने कहा, “जी हां, श्रीमान। मैं करता हूं।”

मैंने कहा, “क्या तुम इससे प्रेम करती हो? ”

"जी हां, श्रीमान। मैं करती हूं।"

97 मैंने कहा, "अब, क्या तुम्हारे पास स्थान है जहां तुम इसे विवाह होने के पश्चात लेकर जाओगे? "

कहा, "जी हां, श्रीमान।"

98 मैंने कहा, "तो ठीक है। अब," मैंने कहा, "मैं तुम से कुछ तो पूछना चाहता हूं। मैं समझता हूं, कि तुम यहां पीडब्लूए में काम करते हो।"

और उसने कहा, "जी हां, श्रीमान।" वहां उसे सप्ताह में लगभग बारह डॉलर मिलते थे।

मैंने कहा, "क्या तुम सोचते हो कि तुम इसके जीवन यापन के लिए कुछ कर सकते हो? "

उसने कहा, "जो भी मैं कर सकता हूं मैं सब कुछ करूंगा।"

99 और मैंने कहा, "तो, यह अच्छी बात है।" और मैंने कहा, "बहन, क्या हो यदि वो... क्या हो यदि इसकी नौकरी छूट जाती है? तूम क्या करोगी, मम्मी, पापा के पास घर वापस चली जाओगी?

वह बोली, "नहीं, श्रीमान। मैं इसी के साथ रहूंगी।"

100 और मैंने कहा, "श्रीमान, यदि आपके तीन या चार बच्चे हो जाए, और उन्हें खिलाने को कुछ भी नहीं हो, और तुम्हारे पास कोई काम ना हो। तो तुम क्या करोगे, उसे दूर भेज दोगे? "

101 वह बोला, "नहीं, श्रीमान। मैं संघर्ष करता करूंगा। हम किसी भी तरह से इसे कर ही लेंगे।"

102 मुझे कुछ तो महसूस हुआ। और मैंने देखा कि यह सच में इससे प्रेम करता है, और वे एक दूसरे से प्रेम करते है। मैंने उनका विवाह कर दिया।

103 तब मैंने सोचा कि वह उसे कहां पर ले गया। कुछ दिनों के बाद, मैंने अपने भाई, डॉक् से पूछा, ये कहाँ है। उसने कहा, "वहां न्यू अल्बानी चले जाये," एक छोटा शहर जो हमसे नीचे की ओर है।

104 और वहां नीचे नदी के पास, जहां मैंने कुछ वहां टीन की छत बिछाई हुई थी, जब मैं—मैं एक लाइनमैन था, तो वहां रोज जाया करता था। इसलिए जब बाकी के लोग, वे सारे वहां बैठकर चुटकुले सुनाते थे और बातें किया करते थे, तो मैं ट्रक में बैठ कर वहां नदी की ओर चला जाता और उस समय के दौरान वहां प्रार्थना करता था, और उस बड़ी टीन की

छत के टूकडे के नीचे, मेरी बाईबल पढ़ता था, जहां पर पुराने लोहे का काम हुआ करता था। वहां पर ढेर सारे पुराने मालगाडी के डिब्बे रखे हुए थे।

105 और इस व्यक्ति ने वहां जा कर उनमें से एक बड़े से डिब्बे को ले लिया था और उसमें एक दरवाजे को लगा दिया था। और उसने अखबार और टैकी बटन लगा दिए थे।

106 आप में से कितने लोग जानते हैं कि टैकी बटन क्या होता है? इसका मतलब यहां पर कोई भी केंटकी का रहने वाला नहीं है। ये ऐसा है, एक गत्ते का टुकड़ा ले, इस में एक छोटी सी पीन को, एक छोटी से डंडी को डाल दे। और इसे उसके अंदर दबा दे... इसे एक टैकी बटन कहते है।

107 इस तरह से, उन्होंने इसे चारों ओर लगा लिया था। और वो उस लोहे के कबाड़ में से जाकर और वहां से कुछ सामान को लाकर, और ऊपर आने के लिए एक सीढ़ी बनायी थी। और कुछ पुराने बक्सों को लिया, एक टेबल बना लिया था। और एक दिन, मैंने सोचा, “मैं वहां पर जाकर और देखूंगा कि वे लोग किस तरह से जीवन व्यतीत कर रहे हैं।”

108 इसके लगभग छह महीने पहले, मैंने ई. वी. नाईट की बेटी का ई. टी. स्लाईडर के बेटे के साथ विवाह लगाया था। ई. वी. नाइट, जो वहां ओहियो नदी के क्षेत्र में सबसे धनी लोगों में से एक है, और, ओह, वे वहां बड़ी–बड़ी फैक्ट्रियां चलाते है, इन पूर्वनिर्मित घरों और इत्यादि को बनाते है। और—और स्लाईडर, ई. टी. स्लाईडर, जो कि रेत और कंकड़ की कंपनी है, ये करोड़पति के बच्चे थे। और मैंने उनका विवाह लगाया।

109 और मैं एक स्थान पर वापस गया, लगभग दो हफ्तों तक इसका अभ्यास किया, फिर एक छोटे कमरे में जाकर एक तकिए पर घुटनों के बल बैठा। और सारी धूमधाम और हर एक चीज जिसमें से होकर मैं कभी नही गया, लगभग, उनमें से होकर जाना पड़ा, उस जोड़े के विवाह के लिए! और जब वे बाहर आये, क्यों, वे... यह दूसरा छोटा सा जोड़ा वहां छोटे से पुराने कमरे में खड़ा था जहां पास ही में एक छोटा सा सोफा और फोल्डिग पलंग था, लेकिन उन दोनों जोड़ो का विवाह एक ही विधी से हुआ था।

110 और तब, एक दिन, मैंने सोचा मैं वहां नीचे जाऊंगा और इस धनवान जोड़े से मिलुंगा। उन्हें काम करने की कोई आवश्यकता नहीं थी, उनके पिता करोड़पति थे, उन्होंने उनके लिए शानदार घर बनाया था। खुलेतौर

पर, यह ई. वी. नाईट, ऊपर, यहाँ पहाड़ी पर रहते थे, उनके हवेली के दरवाजे पर चौदह कैरेट के कुण्डे लगे हुए थे, इसलिए आप कल्पना कर सकते हैं कि वे किस प्रकार के घर में रहते थे। उन्हें काम करने की जरूरत ही नहीं थी। उन्हें हर वर्ष एक अच्छी कैडिलैक कार मिलती थी। और बस, केवल वे ही उनके बच्चे थे, और जो भी वे चाहते थे उनके पास सब कुछ था। जब मैं एक दिन वहां पर चलकर गया...

111 अब, मेरी उनसे जान पहचान ऐसे हुई थी, उनका एक मित्र मेरा अच्छा मित्र था। हम एक दूसरे के गहरे मित्र थे। और इस तरह से मेरी उन से जान पहचान हुई, जब वे मुझ से अपना विवाह करवाना चाहते थे।

112 इसलिए मैं उनसे मिलने के लिए वहां चला गया। और मैंने अपनी पुरानी फोर्ड कार को बाहर खड़ा किया, बाहर निकलकर, और सीढ़ियों पर चलकर वहां गया। और—और मैं उनके काफी पास आ गया, और मैंने उनकी बातों को सुना। और वे असल में झगड़ रहे थे। वे एक दूसरे से ईर्ष्या कर रहे थे। वे कहीं तो नाचने गए थे। वह बहुत ही सुंदर लड़की थी। और वह एक प्रकार से इन सुंदर रानियों में से एक थी। उसने उस क्षेत्र में बहुत से इनाम जीते थे, और सुन्दरता की रानी होने के कारण उसने बहुत सी कार और चीजें जीती थी। और मैंने उनकी ओर देखा, और एक एक कोने में बैठा था और दूसरा दूसरे कोने में बैठा था, और किसी लड़के के विषय में झगड़ रहे थे कि उसने किसी लड़के के साथ या किसी लड़की के साथ नाचा था या ऐसे ही कुछ तो था।

113 जब मैं ऊपर आया, तो वे तुरंत उछलकर खड़े हो गए और फर्श पर एक–दूसरे को पकड़ लिया, और उनके—उनके हाथ पकड़े–पकड़े फर्श पर ही दरवाज़े की ओर बढ़ते हुए आए। कहा, "क्यों, नमस्ते, भाई ब्रन्हम! सब कैसे चल रहा हैं?"

मैंने कहा, "बिल्कुल ठीक। आप सब लोग कैसे है?"

114 और, "ओह," उसने कहा, "मैं—मैं... हम बहुत खुश हैं। क्या हम नही है, प्रिय?"

और वह बोली, "हाँ, प्रिय।" देखा?

115 अब, देखिए, आप कुछ तो दिखावा करने की कोशिश कर रहे है जो कि वास्तविक नहीं है। अब, आप रंगे हुये आग के चित्र से गर्म नहीं हो सकते, जैसे कि इनमें से कुछ कलीसियायें पेंटीकोस्ट को रंगने की कोशिश कर

रहे हैं, जो कि हजार वर्ष पहले या दो हजार वर्ष पहले हुआ था। आप रंगे हुए आग के चित्र से गर्म नहीं हो सकते है। पेंटीकोस्ट तो आज भी वैसा ही वास्तविक है जैसा कि ये तब था। देखा? जी हां। आग अब भी गिर रही है। यह रंगे हुए आग का चित्र नहीं है। यह एक वास्तविक आग है।

116 तो, वे, बस वहां सामने थे। देखा? मैं—मैं इस प्रकार से नहीं जीना चाहूंगा।

117 "अच्छा," मैंने सोचा, "तुम जानते हो, ठीक वहां नीचे चट्टान के ऊपर और वहां नदी पर, वहीं पर जहां पर यह दूसरा जोड़ा बसा हुआ है।" मैंने सोचा, "एक दिन शनिवार दोपहर को मैं वहां जाकर और देखुंगा कि उन लोगों का कैसा चल रहा है।"

118 इसलिए मैं, मेरा चेहरा गंदा था, और मैं पूरी तरह से गंदा था, और मेरे साथ मेरे औजार थे। मैंने सोचा, "मैं चुपचाप से उनके पास जाऊंगा।" और मैं धीरे से वहां चला गया जैसे कि मैं यह जाँच रहा हूँ कि कहीं बिजली की वजह से प्रवाह टूट तो नहीं गया हैं या ऐसे ही कुछ, और जब मैं नदी के किनारे टेलीफोन की तार, बिजली का तार के साथ–साथ धीरे–धीरे आगे बढ़ रहा था। और वहां पर वो पुरानी शेवरलेट कार सामने खड़ी थी। जब मैंने उनका विवाह लगाया था उसके एक वर्ष के बाद की बात है। और वहां एक—एक... उनका दरवाजा खुला हुआ था, और मैं उन्हें बात करते हुए सुन सकता था। तो यह एक ढोंगी की तरह दिखाई देता है, लेकिन मैं काफी नजदीक चला गया यहाँ तक कि मैं सुन सकता था, देखो कि वे क्या बोल रहे है। वहां खड़ा रहा। और मैं बस अपने लिए जानना चाहता था।

119 मुझे यह जानना और पक्का करना अच्छा लगता है कि मैं जिस बात पर बोल रहा हूं उसे ठीक से समझता हूं। इसी तरह से मैं ऐसा परमेश्वर के वचन के विषय में करता हूं। क्या यह सत्य है, या यह सत्य नहीं है? क्या वह अपने वचन को पूरा करेगा, या वो अपने वचन को पूरा नहीं करता है? वह अपने वचन को पूरा नहीं करता है, तब वह परमेश्वर नहीं है। देखा? वह अपने वचन को पूरा करता है, तब वह परमेश्वर है। देखा?

120 और इसलिए मैं देखना चाहता हूं कि वे कैसे साथ–साथ चल रहे है। और मैं किनारे पर धीरे से चला गया, बहुत ही आसानी से। मैंने उसे कहते सुना, "ओह, प्रिय, मैं इसे तुम्हारे लिए लेना चाहता था, बहुत ही इच्छा थी।"

121 उसने कहा, “अब, देखो, हृदय प्रिय।” उसने कहा, “यह पोशाक बिलकुल ठीक है।” उसने कहा, “क्यों, यह बस अच्छी दिख रही है।” कहा, “मैं इसकी सराहना करता हूं। लेकिन तुम देखो... ”

122 मैं धीरे से और पास चला गया, ताकि मैं दरार में से होकर देख सकूं, जहां माल डिब्बे का दरवाजा खुला हुआ था। और वह वहां पर बैठा हुआ था, और वह उसकी गोद में थी; और उसका हाथ उसके चारों ओर था, और उसका हाथ उसके चारों ओर था। और उसके पास एक पुरानी ढीली–सी टोपी थी, और उसने उसके ऊपर एक छोटा सा छेद कर रखा था, ऊपर का हिस्सा दबा दिया था, और उसमें से अपना वेतन का चेक निकाला। उसने—उसने इसे मेज पर रख दिया। कहा, “किराने के सामान के लिए *इतना*। बीमा के लिए *इतना*। और कार के लिए *इतना*।” और वे अपने खर्चे को पूरा नहीं कर पा रहे थे। उनकी बातों से पता चला, उसने वहां एक छोटी सी पोशाक को एक दूकान में देखा था, कुछ हफ्तों से वो इसे लेने के लिए देख रहा था, जिसकी कीमत एक डॉलर और कुछ तो थी। वह इसे खरीदना चाहता था। कहा, “तो ठीक है, प्रिय, तुम इसमें बहुत सुंदर दिखोगी।” और उसने कहा...

123 उसने कहा, “लेकिन, प्रिय, मेरे—मेरे पास एक पोशाक है। मुझे—मुझे सचमुच इसकी आवश्यकता नहीं है।” देखा? और वह छोटी रानी...

124 और मैं पीछे हट गया, और ऊपर की ओर देखा। मैं दूसरे घर की चोटी पर उस—उस मीनार को देख सकता था। मैं वहां खड़ा हुआ और कुछ मिनटों तक देखता रहा। मैंने सोचा, “कौन सा व्यक्ति धनवान है? ” मैंने सोचा, “यदि, बिल ब्रन्हम, तुम कौन सी जगह को चुनना चाहोगे, तुम कहाँ जाना चाहोगे? ” मैं अपने लिए वह सुंदर चीज जो उस पहाड़ की चोटी पर है उसे नहीं लूंगा। मैं इस चरित्र को लूंगा जो यहां एक सच्ची गृहिणी के रूप में है, कोई जो मुझे प्रेम करती हो और मेरे साथ ही रहे, कोई जो एक घर को बसाने का प्रयास करे; और जो सजावट या दिखावे के लिए आपको हर एक चीज़ के लिए न निचोड़े; बल्कि कोई जो तुम्हारे साथ हो, तुम्हारा एक भाग हो।

125 यह बात हमेशा ही मेरे साथ रही कि वह किस तरह से था। एक ने सुंदर लड़की चुनी, दूसरे एक ने चरित्र को चुना। अब, केवल यही वो तरीका है कि आप चुन सकते हैं। पहले, चरित्र को देखिए; और उसके बाद, यदि

आप उसे प्रेम करते हैं, तो अच्छी बात है।

126 ध्यान दें, परमेश्वर के पहले आदम के पास उसकी पत्नी को चुनने के लिए कोई चुनाव नहीं था। उसके पास कोई चुनाव नहीं था। परमेश्वर ने केवल उसके लिए एक को ही बनाया था, और उसको उसे चुनना नहीं था। इसलिए हम पाते हैं कि उसने उसे परमेश्वर के वचन से भटका दिया। उसे इस विषय पर प्रार्थना करने को नही मिला। वह—वह—वह आपकी या मेरी तरह नहीं था। उसे चुनाव करने को नहीं मिला। और फिर, ऐसा करने के द्वारा, उसने उसे परमेश्वर के पुत्र होने के उसके सही स्थान से हटा दिया। और उसने उसे जीने का एक और आधुनिक तरीका दिखाने के द्वारा ऐसा किया, कुछ तो ऐसा जो उन्हें वास्तव में नहीं करना चाहिए था। लेकिन उस स्त्री के चरित्र ने दिखाया कि वह गलत थी। उसका अभिप्राय और उद्देश्य पूरी तरह से गलत था। और उसके तर्क के द्वारा उसे यकीन दिलाया, कि ये आधुनिक नया उजियाला है जो उसने पाया था, जो कि परमेश्वर के वचन के विपरीत था, जो जीने के लिए एक उत्तम तरीका था।

127 और आज कितनी स्त्रियां, और इसी तरह से पुरुष भी, जो कि अच्छी स्त्री को परमेश्वर से खींच कर दूर ले जा सकते हैं, या अच्छे पुरुष को परमेश्वर से खींच कर दूर ले जा सकते है, उसे बताने का प्रयास करते हुए कि, "यह धर्म, तुम पेंटीकोस्टल लड़कों, यही वो धर्म है," वे कहते हैं, "ओह, यह पुराने चलन का धर्म है, यह पुराने विचारों वाला धर्म है, तुम इसका विश्वास मत करना।" अच्छा होगा आप पूरी लगन से प्रार्थना करे इससे पहले कि आप उस लड़की से विवाह करे, मैं परवाह नहीं करता कि वह कितनी सुंदर है। यही बात पुरुषो के लिए भी है।

128 हवा ने उसे परमेश्वर की इच्छा के विरुद्ध राजी कर लिया और उससे ऐसा कुछ तो करवाया जो उसे नहीं करना चाहिए था, और, इसके द्वारा ही सारी मानव जाति के लिए मृत्यु का कारण बना। इसलिए बाईबल स्त्री को परमेश्वर के वचन को सिखाने, या प्रचार करने, या किसी भी प्रकार से संभालने को मना करती है।

129 मैं जानता हूं, आप में से बहुत सी बहने कहती हैं कि, "प्रभु ने मुझे प्रचार करने के लिए बुलाया है।"

130 मैं आपके साथ विवाद नहीं करूंगा। लेकिन मैं आपको बताने जा रहा हूं, कि वचन कहता है कि आपको यह नही करना है। "स्त्री उपदेश ना करे

या, कोई अधिकार को नही जताये, लेकिन शान्त रहे।"

"भाई," आप कहती हैं कि, "प्रभु ने मुझे ऐसा करने के लिए कहा है।"

131 मैं इसमें जरा भी संदेह नहीं करता। क्या उस रात आपने मेरा सन्देश बालाम के विषय में सुना था? बालाम ने पहले ही सीधा-साफ परमेश्वर का निर्णय सुना कि, "ऐसा मत करना।" लेकिन वह मूर्खता के काम को करता ही रहा यहाँ तक अंत में परमेश्वर ने कह दिया कि जाकर इसे कर ले।

132 हो सकता है परमेश्वर आपको प्रचार करने की अनुमति दे दे। मैं नहीं कहता कि उसने ऐसा नहीं कहा। लेकिन यह उसके मूल वचन और योजना के अनुसार नहीं है। "लेकिन उसको आज्ञा के अधीन होना है, जैसा कि व्यवस्था भी कहती है।" ये सत्य है। इसलिए, उसे यह नहीं करना चाहिए।

133 अब, फिर से ध्यान दें किस प्रकार से स्वाभाविक दुल्हन आत्मिक का प्रतीक है। वचन कहता है, कि, "स्त्री पुरुष के लिए बनी है, ना कि पुरुष स्त्री के लिए बना है।"

134 अब मैं थोड़ी देर में बोलूंगा, और क्यों, मैं मसीह की दुल्हन पर बोलने जा रहा हूं, लेकिन मैं इसकी बुनियादी बातें दिखाने का प्रयास कर रहा हूं।

135 "स्त्री पुरुष के लिए बनी थी, और ना ही पुरुष स्त्री के लिए।" यही कारण है, कि पुराने व्यवस्था के नीचे, बहुविवाह वैध बात थी। दाऊद को उसकी पांच सौ पत्नियां के साथ वहां बैठा हुआ देखते है, और बाईबल ने कहा, "वह परमेश्वर के अपने ह्रदय के अनुसार एक मनुष्य था।" पांच सौ पत्नियों के साथ, और सुलेमान एक हजार के साथ, लेकिन उन स्त्रियों में से कोई भी स्त्री दूसरा पति नहीं कर सकती थी।

136 आपके पास मेरा *विवाह और तलाक* का टेप है। ज्यादा समय नही हुआ, जब मैं ट्यूसान में पहाड़ की चोटी पर, मैं इस विषय में प्रार्थना कर रहा था। उन्होंने यह देखने के लिए विद्यालय की छुट्टी कर दी ताकि उस अग्नि के स्तंभ को पहाड़ के चारों ओर घूमते और भँवर की तरह भीतर जाते हुए देख सकें, आगे और पीछे, ऊपर और नीचे। यहाँ पर लोग बैठे है जो इस बात को जानते हैं, और इसे देखा है; और यह... जब उसने मुझे इस विवाह और तलाक के प्रश्नों की सच्चाई को बताया। यदि कोई एक *इधर* जा रहा है, और एक *उधर* जा रहा है, तो वहां कहीं तो एक सच्चाई को होना ही है। उन सात मोहरों के बाद, उसने दिखाया कि इसकी सच्चाई क्या है।

137 अब ध्यान दें, उसके पास एक के अलावा दूसरा पति नहीं हो सकता है, क्योंकि, “स्त्री पुरुष के लिए बनी है, और पुरुष स्त्री के लिए नही।” वह सारी पांच सौ स्त्रियां केवल दाऊद की पत्नी थी, और यह उसका एक नमूना है। जब मसीह सह–शताब्दी में सिंहासन पर बैठता है, उसकी दुल्हन एक व्यक्ति नहीं होगी, लेकिन वह लाखो की संख्या में होगी, दुल्हन, सब मिला कर एक। और दाऊद की व्यक्तिगत रूप में, बहुत सी पत्नियां थी, लेकिन केवल वे सब मिलकर उसकी एक पत्नी थी। जिस तरह से विश्वासियों की पूरी देह मसीह की दुल्हन है, क्योंकि ये वही है, वो स्त्री। वह पुरुष था। अब, हम मसीह के लिए बने थे। मसीह हमारे लिए नहीं बना।

138 आज हम अपनी पाठ्यपुस्तकों में यही करने का प्रयास करते हैं, वचन को अपने अनुसार बनाने की कोशिश करते है (जो कि मसीह है) जो हमें उपयुक्त लगता है, बजाये इसके कि हम अपने आप को वचन के उपयुक्त बनाने का प्रयास करे। यही भिन्नता है।

139 जब एक पुरुष किसी लड़की को एक परिवार में से चुनता है, तो उसे सुंदरता पर भरोसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि सुंदरता धोखा है। और सुंदरता, आधुनिक सांसारिक सुंदरता, शैतान की ओर से है।

“ओह,” मैं किसी को वहां कहते हुए सुनता हूं, “यहाँ सावधान रहना, प्रचारक!”

140 मैं यह इस धरती पर इन बातों को कहता हूं, जो कि सुंदर कहलाती हैं, यह बिल्कुल शैतान की ओर है। मैं आपके लिए इसे साबित करूंगा। तब, इस टिप्पणी के उजियाले में, आइए हम परमेश्वर के पवित्र वचन में खोजे, यह देखने के लिए कि यह सही है या नहीं। और यदि आप में से कुछ बहुत ही स्त्रियां सुंदर होना चाहती हैं! तो देखें यह सुंदरता कहां से आती है। आरंभ में, हम पाते हैं कि शैतान बहुत ही सुंदर था यहाँ तक उसने दूतों को भरमा दिया। और वह उन सभी दूतों में सबसे अधिक सुंदर था। यह दिखाता है कि यह शैतान में है। नीतिवचन में कहा, सुलेमान ने कहा, “सुंदरता व्यर्थ है।” यह सही है। पाप सुंदर है। निश्चय ही है। यह आकर्षक होता है।

141 मैं आपसे यह पूछना चाहता हूं, और कहना चाहता हूं। और मैं चाहता हूं कि आप कुछ मिनटों के लिए इस पर ध्यान दे। सारे संसार की सभी जातियां, पक्षी, जानवर, मनुष्य को छोड़ हम जानवर जीवन में यह पाते

हैं कि ये नर ही होता है जो सुंदर होता है, और मादा नहीं होती है। ऐसा क्यों? देखो... हिरण की ओर देखो, वह—वह सुंदर बड़ा नर हिरन जिस पर सींग होते है, और यह छोटी हिरणी बिना सींग की होती है। उस—उस मुर्गी की ओर देखो, वह छोटी, धब्बेदार मुर्गी, और वह बड़ा सा सुंदर पंखोवाला मुर्गा। नर पक्षी और मादा पक्षी की ओर देखें। नीलसर बतख और मादा बतख को देखो। समझे? और संसार में एक भी जाति ऐसी नहीं है, जो बनी हो, जो कि भरमा सकती है और इतनी नीचे तक गिर सके जितनी एक स्त्री गिर सकती है।

142 अब, बहन, उठकर और बाहर मत जाना। बस प्रतीक्षा करें जब तक हम इस बात का अंत नहीं सुन लेते है। देखा? देखा?

143 कही भी, कोई भी मादा नहीं है, जो अनैतिक हो सकती हो, सिवाये एक स्त्री के। आप एक कुत्ते को "एक कुतिया," कहकर बुलाते हैं, आप सूअर को "एक—एक सूअरी," कहकर बुलाते हैं, लेकिन, नैतिक रूप में, उनके पास वहां उन आधे दर्जन फिल्मी सितारों से अधिक नैतिकता है। वे नैतिकता को छोड़ कुछ भी और नहीं हो सकते।

144 और स्त्री ही ऐसी एक थी जो दूषित होने के लिए, बदली हुई थी। यह सही बात है। देखिए सुंदरता उसे कहाँ पर लेकर जाती है? अब, आज, यही वो कारण है हम यह पाते हैं कि स्त्रियां सुंदरता में बढ़ रही है। आप पर्ल ब्रायन को लीजिए, कभी आपने उसका चित्र देखा है? वह अमेरिका की बहुत बड़ी सुन्दरी समझी जाती थी। हर स्कूल की लड़की अब पर्ल ब्रायन से और भी सुंदर है जो कि कक्षा की एक—एक पिछली पंक्ति, हर स्थान पर मिलेगी। क्या आप जानते है कि इसे इसी तरह से होना चाहिए? क्या आप जानते है कि बाईबल कहती है ये इसी तरह से होने जा रहा है?

145 क्या आप जानते है कि आरम्भ में पतन या गिरावट स्त्री के द्वारा आयी? और पतन... अंत भी इसी प्रकार से होने जा रहा है, स्त्रियां अधिकार प्राप्त कर रही हैं और पुरुष और इत्यादि पर आज्ञा चला रही हैं। क्या आपको पता हैं कि वचन ऐसा कहता है? आप जानते हैं, जिस दिन वह पुरुषो के कपड़े पहनती है, और छोटे-छोटे बाल कटवाती है, यह सारी बातें परमेश्वर के वचन के विरुद्ध है। और क्या आप जानते हैं कि वह कलीसिया का प्रतिनिधित्व करती है? जब आप देखते है कि स्त्रियां क्या कर रही हैं, तो आप देखेंगे कि कलीसिया क्या कर रही है। यह बिल्कुल सही बात है।

अब, अब, यह उतना ही सत्य है जितना कि परमेश्वर का वचन सत्य है।

146 कोई भी अन्य मादा ऐसी नहीं बनी जो कि स्त्री की तरह नीचे गिर सकती है। और फिर भी, उसके द्वारा, उसको उसमें से निकाल कर बना...

147 वो मूल सृष्टि में नहीं थी। बाकी की सारी मादा मूल सृष्टि में है: पक्षी, नर और मादा; जानवर, नर और मादा। लेकिन, मनुष्य जीवन में, परमेश्वर ने केवल एक पुरुष बनाया, और परमेश्वर ने उसे उसमें से निकाला। और स्त्री एक पुरुष का उप–उत्पादन है, क्योंकि परमेश्वर ने ऐसी चीज को संस्थापित नहीं किया है। वचनों में खोजें। बिल्कुल सही। परमेश्वर, नहीं, श्रीमान, उसकी मूल सृष्टि में। उसे वहां पर रखा गया था।

148 लेकिन यदि वह अपने आप को सही ढंग से संभाल सकती है, तो उसके पास पुरुष से भी बड़ा प्रतिफल है। उसे एक परीक्षा के स्थान में रखा गया। उसके द्वारा मृत्यु आयी। वह सारी मृत्यु के लिए दोषी है। लेकिन परमेश्वर ने वापस मुड़कर और एक का उपयोग किया ताकि फिर से जीवन को वापस लाये; अपने पुत्र को स्त्री के जरिये से लाया, एक आज्ञाकारी। लेकिन यदि वह एक बुरी है तो वह—वह सबसे बदतर होती है; उससे गिरा हुआ कुछ भी नहीं हो सकता।

149 कैन, शैतान का पुत्र, उसने सोचा परमेश्वर ने सुंदरता को स्वीकार किया है। वह आज यही करता है। कैन शैतान का पुत्र था। "ओह, अब!" आप कहते हैं। हम इसके विस्तार में नहीं जाएंगे, लेकिन मैं बस इस बात को आपके लिए साफ़ करूंगा। बाईबल ने कहा कि वो "उस दुष्ट से था।" इसलिए, इससे बात साफ़ हो जाती है। तो ठीक है। अब, वह शैतान का पुत्र था। और उसने सोचा कि, एक वेदी को लाकर और आराधना के लिए इसे बहुत ही सुंदर बनाऊंगा, यही वो चीज है जिसका परमेश्वर सम्मान करेगा।

150 वे सोचते हैं, आज भी वही चीज सोचते हैं। निश्चय ही। यह, "हम बड़ी इमारत बनाते हैं। हमारे पास बड़े–बड़े संप्रदाय होंगे। हम सबसे बड़े भवन को बनायेंगे और सबसे बढ़िया कपड़े पहने हुए लोग होंगे, बहुत ही सभ्य पादरी लोग होंगे।" कभी भी परमेश्वर इससे लाखों मील दूर होता है। यह सही बात है। फिर भी, ये एक कलीसिया है।

151 इसलिए, यदि परमेश्वर आराधना, सच्चाई, बलिदान का सम्मान करता है, तो कैन भी उतना ही धार्मिक था जितना हाबिल था। लेकिन यह तो

प्रकाशन के द्वारा था, कि वह समझ गया कि ये सेब नहीं था जो उसके माता–पिता ने खाया।

152 मैं यहां कुछ ऐसा कहने जा रहा हूं जो कि एक सेवक के लिए बोलना अच्छा नहीं लगता, लेकिन फिर भी, मैं इसे कहने जा रहा हूं। मैं सुनता हूं कि लोग ऐसी बातों को कहते है, इसलिए मैं... छोटे–छोटे चुटकुले सुनाते है, और मेरा कहने का अर्थ ऐसा नहीं है। मैं इसे कहता हूं, हालांकि, "यदि सेब के खाने से स्त्रियों को यह एहसास हो जाये कि वे नंगी है, तो हमारे लिए अच्छा होगा कि हम उन्हें सेब को फिर से बाँट दे।" देखा? देखा? उह–हुंह। मुझे इसके लिए क्षमा करें, लेकिन बस ऐसे ही कि इससे बदलाव आ जाए। मैंने आप लोगों को यहां बांध कर रखा है, और स्त्रियों के विषय में बात कर रहा हूं, और इत्यादि। मैं—मैं—मैं आपको एक मिनट का आराम देना चाहता हूं, क्योंकि आगे कुछ बात आने वाली है। अब, ध्यान देना, आप... ये सेब नहीं था। हम यह जानते हैं।

153 इन दिनों कलीसिया अपनी उपलब्धियों के साथ ऐसी बन गई है, जैसे कि और भी सारी मनुष्य की बनाई उपलब्धियां है, यह वैज्ञानिक बनती जा रही है। वे वैज्ञानिक कलीसियाये बनाने का प्रयास कर रहे हैं, चित्रों और ऊंची मीनारों के आकर्षण के द्वारा। और यह बहुत ही बुरी बात है कि पेंटीकोस्टल इसी रास्ते की लीक के अंदर चला गया है। आप के लिए अच्छा होगा कि एक डफ को लेकर, अलग कोने में चले जाए, और परमेश्वर का आत्मा आपके चारों ओर हो। लेकिन आप उन बाकी सभी के साथ तुलना करने के प्रयास में लगे हुए हैं, क्योंकि आप संप्रदाय हो गये है। यही है जिसने इसे किया है। देखा? कलीसियाये वैज्ञानिक होने का प्रयास कर रही है।

154 और ध्यान देना, जैसे–जैसे मनुष्य विज्ञान के द्वारा उन्नति को प्राप्त कर रहा है, वह अपने आप को प्रतिदिन मार रहा है। जब उसने बारूद का आविष्कार किया, तो देखो इससे क्या हुआ। जब उसने मोटर गाडियों का आविष्कार किया, तो ये बारूद से भी अधिक लोगों को मार रहा है। अब उसने अपने लिए हाइड्रोजन बम बना लिया है। सोचता हूं कि वह इससे क्या करने जा रहा है? सही है।

155 और ऐसे ही कलीसिया है, जैसे–जैसे यह विज्ञान के द्वारा, मनुष्य की बनायी हुई योजना के द्वारा हासिल करने का प्रयास कर रही है, यह आपको

परमेश्वर से बहुत दूर लेकर जा रहा है, और मृत्यु के अंदर लेकर जा रहा है, पहले की तुलना में कहीं अधिक। यह सही बात है। कलीसिया को उसी तरह से ना चुने जैसे आपने अपनी पत्नी को चुना। देखा? विज्ञान ने जो उसके लिए किया वह एक अद्भुत बात थी, लेकिन अच्छा होगा कि आप ऐसी कलीसिया से दूर रहे जो इस पर है; उसने चेहरे पर लगाने के रंग बनाये, पाउडर, और दूसरी चीजें बनायी। उसे उसके वचन के चरित्र के द्वारा चुने।

156 अब आइए हम आज की स्वाभाविक दुल्हन से नाम की कहलाने वाली आज की कलीसिया दुल्हन से तुलना करें। एक स्त्री से तुलना करे, जो आज विवाह करने जा रही है।

157 अब, जरा देखें कि विज्ञान ने उस स्त्री के लिए क्या किया है। पहले वह अपने बालो को काट कर आती है, इनमें से एक उस जैकलिन कैनेडी की तरह बाल काटती है, देखा, या कुछ तो इसी तरह से। और आप जानते हैं कि बाईबल क्या कहती है? असल में बाईबल पुरुष को अधिकार देती है, यदि वह चाहे तो, उसे तलाक देकर छोड़ सकता है, यदि वह ऐसा करती है। "वह जो बाल काटती है, वो एक अपमानजनक स्त्री है।" बाईबल ऐसा कहती है। यह सही बात है। क्या आप यह नही जानते? हुंह? ओह, जी हाँ! मैं केलिफोर्निया में उन के लिए जो नही जानते बहुत ज्यादा प्रचार करता हूं कि वे इसे जान सके। यह सही है। ओह, हाँ! इससे मुझे क्या लाभ मिलता है? जो भी हो, वे इसे करते है। आप सूअर को लेकर और उसका नाम बदलकर, उसे मेमना नहीं बना सकते। ध्यान दें।

158 इसके बाद आप मुझसे घृणा करेंगे, लेकिन आप सत्य को जान जायेंगे। देखा?

159 देखो। आइए हम इसकी तुलना करें। यहाँ वह सब तरह के चेहरे पर रंग पोत कर आती है, कुछ तो ऐसा जो वो है ही नहीं, एक आधुनिक दुल्हन। उसके चेहरे को धो दे, वह शायद उससे दूर भाग जाएगा। उसके चेहरे पर से सारी चीजों को साफ़ कर दे, आप बहुत ही डर जायेंगे। और इसी प्रकार कलीसिया भी बाहर से पूरी तरह रंगी हुई है, धर्मज्ञान के मैक्स फैक्टर से। उह–हुंह। दोनों के पास एक—एक सुंदर, नकली चेहरे है, मनुष्य द्वारा बनायी सुंदरता और ना ही परमेश्वर द्वारा बनाई गयी सुंदरता। किसी एक में भी कोई चरित्र नहीं है।

160 ध्यान दें, ठीक जिस तरह से शैतान, भरमाने के लिए काफी है, अब आज की आधुनिक दुल्हन की उससे तुलना करे: छोटे कपड़े पहनती है, चेहरे पर रंग लगाती है, अपने बाल कटवाती है, ऐसे कपड़े पहनती है जो पुरुषों की तरह दिखते हैं, और ऐसे पास्टर की बात सुनती है जो उससे कहता है यह सब करने में कोई बात नही। वह एक भरमाने वाला है। वह इस बात के लिए उस पार के क्षेत्रों में दु:ख उठाएगा। यह सही है। भरमाने के लिए ऐसा कर रहा है, कुछ तो ऐसा बनना जो वो स्त्री है ही नहीं।

161 इसी प्रकार से कलीसिया करती है, बड़ी डीडी., पीएच.डी., एलएल.डी डिग्रियां लेते है। जिससे कि आप कह सके, "हमारा पास्टर *ये*, *वो*, और *इत्यादि* है," जो हो सकता है परमेश्वर के विषय में अधिक नहीं जानता, जैसे अफ्रीका की जंगली जाति मिस्र के रात के विषय में नही जानती। यह सही बात है। सही है। वहां किसी धर्मज्ञान के विद्यालयों का अनुभव तो है, और परमेश्वर के विषय में कुछ भी नहीं जानते।

162 आधुनिक कलीसिया और उनके धर्मज्ञान के रंग, हुंह, उन्होंने अपनी स्त्रियों की सारी महिमा को मिटा दिया है, उनके कुछ मदमस्त लोगों और पास्टर के द्वारा जिसे उन्होंने रखा है, जैसे मानो ये वास्तव में कोई ईजेबेल हो। कटे हुए बाल, छोटे कपडे, श्रृंगार, यह सभी धर्मज्ञान के स्वाद में तैयार किए गये है, इसी प्रकार से आज कलीसिया खड़ी है। सही है। लेकिन उसका आत्मिक चरित्र उस गृहिणी होने से बहुत दूर है जिसे यीशु मसीह लेने के लिए आ रहा है।

163 यदि कोई मसीही इस तरह की स्त्री से विवाह करता है, तो यह दिखाता है कि वह अनुग्रह से गिर गया है। उसके परमेश्वर की पसंद के अनुकूल और उसके एक घर की पसंद के अनुकूल, घर कैसा होना चाहिए, ये उससे दूर है, जब वो इस प्रकार की स्त्री को चुनता है। नहीं, श्रीमान। निश्चय ही वो एक मसीही के पसंद के अनुकूल नहीं होगी। उसका आत्मिक चरित्र संसार का सबसे नीचला स्तर है, मरा हुआ, सांप्रदायिक सुंदरता और संसार की अभिलाषा है।

164 बिल्कुल यही है जहां आज कलीसिया खड़ी हुई है, उसने अपने वचन के द्वारा दिए गये चरित्र को शैतान को बेच दिया, एक वैज्ञानिक मनुष्य के बनाए हुए धर्म के लिए। जब, उसके पास अधिकार था, परमेश्वर की कलीसिया के रूप में, ताकि परमेश्वर के वचन के साथ बनी रहे, और पवित्र

आत्मा उसके बीच कार्य कर रहा था, वचन और परमेश्वर के प्रेम के साथ देह को एक साथ जोड़ कर रखा था। बजाए इसके, उसने अपना जन्म अधिकार एसाव के समान बेच डाला, और एक संप्रदाय को ले लिया, जो उसे कुछ भी करने देता है, जो भी वो चाहती है, ठीक, केवल लोकप्रिय होने के लिए है जैसे उसकी मां ने निसिया, रोम में किया था। परमेश्वर का वचन!

165 ओह, यह किस तरह से हमारे पेंटीकोस्टल क्षेत्र में प्रवेश कर गया है! यह बहुत ही बुरी बात है, लेकिन इसने यही किया है।

166 जरा एक मिनट के लिए ध्यान देना, एक नन जो कैथोलिक कलीसिया में होती है। वह स्त्री, नन बनने के लिए, और उस अंतिम पर्दे को लेती है, वह उस कलीसिया के लिए पूरी तरह से बिक जाती है। वह जो (प्राण, शरीर और आत्मा) है ये उस कलीसिया की संपत्ती है। उसका अपना खुद का कोई विचार नहीं होता है। जब वह उस अंतिम परदे को धारण करती है, तो उसका अपना खुद का कोई विचार नहीं होता, उसकी अपनी खुद की कोई इच्छा नही होती है। यहां पर देखिए, कि शैतान उन्हें उसका नकली बनाता है, जैसे कि वह असली हो।

167 सच्ची मसीह की कलीसिया, दुल्हन, ये भी इसी प्रकार से खुद को उसके लिए और उसके प्रतिज्ञा किए हुए वचन के लिए बेच देती है, इतना तक कि वही मन जो मसीह में है आप में होता है। क्या ही भिन्नता है!

168 और हम आज पाते हैं, कि, आधुनिक कलीसिया, एक आधुनिक संसारिक कलीसिया, वो आधुनिक संसारिक कलीसिया और वो आत्मिक कलीसिया दोनों ही गर्भवती है, ताकि पुत्रों को जन्म दे।

169 उनमें में से एक, एक सांप्रदायिक जन्म है, जो वो देने जा रही है, एक... दिन, इन... दिनों में, विश्व कलीसियाओ के संघ में, जो कि संसार के लिए मसीह विरोधी को उत्पन्न करेगा, एक संप्रदाय के जरिये से। यह बिल्कुल सत्य है। हो सकता है इसे देखने के लिए मैं जीवित ना रहूं। मैं विश्वास करता हूं मैं रहूंगा। लेकिन, आप युवा लोग, याद रखना कि आपने किसी सेवक को ऐसा कहते सुना था। अंत में सब समाप्त हो जायेगा। और यही पशु की छाप है, जब वह विश्व कलीसियाओ के परिषद को बनाती है। और वह अपने पुत्र को जन्म देगी, मसीह विरोधी।

170 दूसरी परमेश्वर के वचन के द्वारा गर्भवती है और एक देह को जन्म

देगी, जो यीशु मसीह की पूर्ण देह है, जो कि दुल्हन है। मसीह की देह अभी भी पूर्ण नहीं हुई है। कितने लोग यह जानते हैं? एक पुरुष और स्त्री एक है। और मसीह एक देह है, वो वचन। दुल्हन को उस देह के बाकी का भाग बनना होगा। और दो, दोनों मिलकर, फिर से एक देह को बनायेंगे। जैसा कि आदम आरंभ में था: पुरुष, उसकी पत्नी, एक है। अब, वो, सच्ची दुल्हन, उसने खुद को उसे बेच दिया है, इतना तक कि वह अपने विचारो का उपयोग नही करती है। उसके विचार, निश्चय ही, यही उसकी इच्छा है, और उसकी इच्छा उसका वचन है।

171 अब नाम की कहलाने वाली दुल्हन की ओर देखे जो पुरुष द्वारा चुनी गई है, और इस आत्मिक के लिए आज की स्वाभाविक से तुलना करे, एक आधुनिक ईजेबेल ने आहाब को मोहित कर दिया, मैक्स फैक्टर की सुंदरियां, हर एक चीज। इसी प्रकार से कलीसिया की ओर देखे, लेकिन जीवित परमेश्वर के वचन के लिए एक वैश्या है; बड़े–बड़े संप्रदाय, बड़ी–बड़ी इमारतें, बड़ा धन, बड़े वेतन, सब बिक गए है। पुलपीट पर खड़े होकर पुरुष इस बात का समर्थन करते हैं कि यह सब सही है, और लोगों को बिना रोक–टोक ऐसा करने देते हैं। केवल धोखा है, बस ऐसा ही है। सच में यह लौदीकियन कलीसियायी युग अंधा है, बिल्कुल ठीक जैसा कि बाईबल ने कहा है कि ये होगा। "कहती है, 'मैं धनी हूं। मैं एक रानी के समान बैठी हूं। मुझे किसी वस्तु की कोई आवश्यकता नहीं है।' और तू नहीं जानती कि तू निर्धन, तुच्छ, अंधी, अभागी, और नंगी है: और इसे नहीं जानती।" यदि यह प्रकाशितवाक्य 3 **यहोवा यों कहता है**, वाला वचन नहीं होता, तो मैं इसे कभी नहीं समझ पाता। वो यही है, और वो इसे नहीं जानती! इस पर सोचे।

172 यदि आप एक पुरुष या स्त्री को जो कि सड़क पर है, बिल्कुल नंगे, और उन्हें यह बताते है कि वे नंगे है, और वे कहते है, "तुम अपना काम करो," क्यों, कही ना कहीं उनकी मानसिक दशा में कमी है। उनके दिमाग में कहीं कुछ तो गड़बड़ हुई है।

173 और जब आप परमेश्वर के वचन को पढ़ सकते हैं, कि उन लोगों को किस तरह करना चाहिए, और यह पवित्र आत्मा का बपतिस्मा जो हमारे पास आज है, और, लोग, क्यों, आपकी ओर इस तरह देखते हैं जैसे कि आप पागल हो। आप उन्हें बताते हैं: "आपको... " उन्हें फिर से जन्म लेना

होगा। उन्हें बाईबल पर विश्वास करना होगा।

174 वे कहते है, “यह तो बहुत वर्षो पहले की यहूदियो की कथा है। हमारी कलीसिया के पास सही मार्ग है।” अभागी, तुच्छ, अंधी, नंगी, और इसे जानती तक नहीं। कितना... और बाईबल ने कहा कि यही वो स्थिति है जिसमें कि वे चले जायेंगे।

एक सच्चा भविष्यवक्ता कैसे इसे देखने में चूक सकता है? मैं नहीं जानता।

175 हर जगह हमारी सारी कलीसियायें ठीक इसी ओर बहती जा रही है। जरा इसे देखें, ठीक आधुनिक चलन में। “वह पुरानी वैश्या और उसकी पुत्रियां,” प्रकाशितवाक्य 17 की, “कंगाल, अंधे, तुच्छ” लोगों को अपने धार्मिक विद्यालयो के मत–सिद्धांत दे रहे है जो कि परमेश्वर के वचन के विरुद्ध है। “और उन्होंने उस में प्राणों के गुलामों को पाया, और हर कहीं के—के पुरुष और महिलाओं को।” बजाए इसके कि लोगों को आकर्षित करे...

176 मसीह अपने वचन को प्रमाणित करता है, जो लोगों को आकर्षित करता है। वो कलीसियाओ के लोगों को आकर्षित नहीं करता जो बड़े–बड़े संप्रदायों और बड़े–बड़े कामों के द्वारा आकर्षित हुए हैं, और बड़ी–बड़ी बेकार की चीजों और चमकदार चीजों से आकर्षित हुए है। लेकिन परमेश्वर का वचन मसीह की दुल्हन को आकर्षित करता है।

177 अब ध्यान दें। ध्यान देने के लिए यह बड़ी रोचक बात है कि—कि किस प्रकार से कलीसिया लोगों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करती है अच्छे कपड़ो और सुसज्जित गायन समूह के द्वारा, और बाल कटी हुई स्त्रियां और रंगे हुए चेहरे। और वे सोचते हैं कि... और वे दूतो की तरह गाते है। एक शैतान की तरह झूठे है, सारी रात इस तरह से नाचने के लिए इधर–उधर भागते फिरते है, इस विषय में कुछ भी नहीं सोचते। और यही है वह जो सोचते हैं कि, “ये सब ठीक है। यही सुंदर है।” लेकिन, आप देखिए, यह झूठी बनावट है। यह परमेश्वर का वचन नहीं है।

178 जबकि, सच्ची दुल्हन परमेश्वर का ध्यान आकर्षित करती है, उसके वचन को मानने के द्वारा। अब ध्यान दें। अब आइये हम मसीह की ओर देखे।

179 आप कहते हैं, "भाई, अब, एक मिनट रुकिए, इस सुंदरता के विषय में क्या है जिसके विषय में आप बात कर रहे हैं? "

180 यशायाह 53:2 में, बाईबल ने कहा, कि, जब यीशु आया, "उसकी कोई सुंदरता ना थी, कि हम उसकी इच्छा रखते।" क्या यह सही है? कोई सुंदरता नही थी। यदि वो सांसारिक सुंदरता में आता, जैसे कि आज शैतान है, लोग भाग कर उसको चारों ओर से घेर लेते और उसे स्वीकार कर लेते जिस तरह से वे आज कलीसिया के लिए करते हैं। वे उसका विश्वास कर लेते, और उसे ग्रहण कर लेते, जैसे वह आज शैतान को करते हैं। निश्चय ही, वे करते। लेकिन वह उस तरह की सुंदरता में नहीं आया, लेकिन वह हमेशा ही चरित्र की सुंदरता में आता है। वहां, मसीह कभी भी सुंदर, बड़ा, मजबूत, लम्बा चौड़ा मनुष्य नहीं था। परमेश्वर इस प्रकार का चुनाव नही करता है।

181 मुझे याद है एक बार एक भविष्यव्यक्ता राजा को नियुक्त करने के लिए—के लिए वहां गया, कि यिशै के पुत्रो में से एक को राजा बनाये, ताकि वह दूसरे राजा का स्थान ले सके, शाऊल। और इसलिए यिशै उसे बाहर लेकर आया, और उसका लम्बा, तगड़ा, ऊंचा, अच्छा लड़का था। उसने कहा कि, "मुकुट इसके सिर पर सही दिखाई देगा।"

182 भविष्यव्यक्ता उस पर तेल उंडेलने को गया। उसने कहा, "परमेश्वर ने उसे अस्वीकार कर दिया है।" और उसने उनमें से हर एक के लिए मना कर दिया, जब तक कि वह उस छोटे से, नीचे झुके हुए कंधे, गुलाबी से दिखने वाले लड़के के पास नहीं आ गया। और उसने उस पर तेल उंडेल दिया, और उसने कहा, "परमेश्वर ने इसे चुना है।" देखा? हम दृष्टि के द्वारा चुनते हैं। परमेश्वर चरित्र के द्वारा चुनता है।

183 चरित्र, यीशु मसीह जैसा चरित्र कभी भी नहीं हुआ था। ये आपमें रहता है और उसे प्रकट करता है। हम देखते हैं यह सत्य है। यह उसकी कोई सांसारिक सुंदरता नहीं है जो कि उसकी दुल्हन को आकर्षित करे। ये तो उसका चरित्र है, उस कलीसिया का चरित्र, जिसके लिए यीशु देख रहा है; ना कि वह बड़े–बड़े भवन, जहां पर वे बड़े संप्रदाय हैं, जहां बड़ी सदस्यता है। वह इस प्रतिज्ञा के साथ मिलता है कि जहां कहीं पर दो या तीन एक साथ जमा होते हैं। सच में। यही है जहां पर सच्चे विश्वासी अपनी आशाओ को, परमेश्वर के वचन पर टिकाते है जो सत्य के रूप में प्रमाणित हो, जो

ये वास्तव में है। उसके वचन के द्वारा चुनता है, ना ही संसार से प्रेम करने वाले झुण्ड को। वे इससे घृणा करते हैं।

184 कोई आश्चर्य नहीं कि उसने उससे तलाक ले लिया है, क्योंकि वह उसके प्रकाशन से चूक गई, और उसके पास ये नहीं है। वह उसकी चिंता नहीं करता, जिस प्रकार से वो व्यवहार करती है और कार्य करती है, और उसके पास कितनी संसारिक चीजें है।

185 वह उसके चरित्र के लिए देख रहा है, मसीह का चरित्र। अब, बस कुछ देर के लिए। यही है। वो अपनी दुल्हन को चुनता है ताकि उसके चरित्र को प्रतिबिंबित करें, जिस पर आज की आधुनिक कलीसिया निश्चित रूप से यहाँ उसकी—उसकी योजना से लाखो मील चूक जाती है, क्योंकि वे *इसका* सत्य होने का इन्कार करती हैं। तो भला ये कैसे हो सकता है? अब, वो उस दिन के लिए देख रहा है जब वो दुल्हन तैयार हो जाएगी, इब्रानियों 13:8, बिल्कुल ठीक वैसे ही जैसे ये था, जैसे वो था। दुल्हन को उसका वही मांस होना है, वही हड्डी होना है, वही आत्मा, हर चीज में वही, बिल्कुल ठीक वैसा ही बनना है, और तब फिर वे दो, एक बन जाते है। जब तक कलीसिया वही नहीं बन जाती है, वे एक नहीं है। उसका चरित्र, वचन, इस युग के लिए, अवश्य ही ढाला जाना है। उसे उसी तरह ढाला जाना चाहिए जैसे वो है।

186 अब, बंद करते हुए, मैं कारण बताना चाहता हूं कि मैंने इन बातों को कहा है, और मैं—मैं बंद करूंगा। उस रात, सुबह के लगभग तीन बजे, मैं जाग गया था।

187 अब आप में से कोई भी इस बात का उत्तर दे। क्या मैंने कभी प्रभु के नाम में आपसे कुछ भी बताया है जो सही नहीं निकला है? यह हमेशा ही सही रहा है। इसलिए मेरी सहायता करें, परमेश्वर जानता है कि यह सत्य है। दुनिया में कहीं भी, एक भी, हजारों बातों में से जो कही गई है, जिसमें वो कभी इसके एक शब्द को भी चूक गया हो। हमेशा ही सिद्ध रूप से पूरा हुआ है।

188 यहां तक कि उस दिन, जब मैं फिनिक्स में था, या एक वर्ष पहले यह बात थी, और मैंने आपको उस विषय में बताया है इस सन्देश पर—पर *श्रीमानो, यह कौन सा समय है?* और आपको बताया था कि, “सात दूत वहां पर मिलेंगे,” और सात मोहरों का खुलना होगा, और जो भी है।

और वहां उस—उस *लाइफ* पत्रिका ने इसके लेख को छापा था, यह बड़ी ज्वाला ऊपर हवा में उठी, तीस मील ऊंची, यहाँ से वहाँ सत्ताईस मील चौड़ी। और उन्होंने कहा कि वे नहीं समझ पा रहे है कि ये क्या है; अभी भी नहीं जानते। और वे लोग ठीक अभी यहां इस भवन में आज रात बैठे है, ठीक वहां मेरे साथ खड़े हुए थे जब यह घटित हुआ, बिल्कुल वैसे ही जैसे इसे कहा गया। उसने मुझे वे बातें बतायी जो कि होने वाली है, और वे बिल्कुल वैसे ही घटित हुई। किस तरह से उनमें से प्रत्येक मोहर खुली, और उन भेदों को बताया जो कि सुधारकों और इत्यादि के युगों में से होते हुए गुप्त रहे, बिल्कुल सिद्ध रूप से बताया।

189 कैसे, मैं वहां पहाड़ की चोटी पर खड़ा था, उनमें से तीन या चार लोग ठीक यहाँ पर अभी उपस्थित खड़े हुए है, जी हाँ, उससे भी ज्यादा लोग। ऊपर पहाड़ी पर जाते हुए, पवित्र आत्मा ने कहा, "उस पत्थर को उठाओ।" हम शिकार खेल रहे थे। उसने कहा, "इसे ऊपर हवा में फेंको, और कहो, '**यहोवा यों कहता है**।'" मैंने ऐसा किया। वहां से तेज हवा का छोटा सा चक्रवात नीचे आया। और मैंने कहा, "चौबीस घंटों के भीतर, तुम परमेश्वर के हाथ को देखोगे।" वे लोग, ठीक यहां अभी उपस्थित बैठे हुए है।

190 अगले दिन, लगभग दस बजे, वहाँ खड़े हुए थे, मैंने कहा, "तैयार हो जाओ। वहां उस कार के नीचे चले जाओ," एक अनुभवी व्यक्ति। मैंने कहा, "कुछ तो होने जा रहा है।" आकाश ये पूरा साफ़ था, ठीक ऊपर एक बड़ी घाटी में। आकाश से आग का चक्रवात नीचे उतर आया, जितनी तेज आवाज हो सकती थी उतनी तेज आवाज करते हुए, दीवारों से इस प्रकार टकराया। मैं—मैं ठीक उसके नीचे खड़ा था। मैंने अपनी टोपी उतारी, और अपने सिर को पकड़ लिया। और वह मुझ से लगभग तीन या चार फुट ऊपर था, और उस सारी दीवार में चारों ओर इस तरह गड्ढा कर दिया, और धमाका हुआ। और वापस ऊपर हवा में चला गया, और फिर से चक्रवात में घूमने लगा, और तीन बार, नीचे आया, यहां तक कि इसने कांटेदार झाड़ियों के ऊपरी भाग को दो सौ गज तक काट दिया था। क्उा यन लोगों को, "आमीन" कहते सुन रहे है? यह लोग वहां पर थे जब यह घटित हुआ, देखो, और तीन धमाकों को किया।

191 जब वे उन कार और इत्यादि के नीचे से बाहर निकले, और वहां पर

वापस आकर, कहा, "यदि आप इसकी चपेट में होते, वहां नामोनिशान तक नहीं बचता।"

192 मैंने कहा, "यह—यह वही था। वह मुझसे बातें कर रहा था।" परमेश्वर तेज हवा के चक्रवात में से होकर बोलता है। देखा? और वहां पर वही आग का खंभा था जिसे आप इस चित्र में वहां ठहरा हुआ देख रहे है।

और जब वह ऊपर चला गया, तो उन्होंने कहा, "यह क्या है? "

मैंने कहा, "पश्चिमी तट का न्याय हो रहा है।"

193 वहाँ से दूसरे ही दिन, अलास्का लगभग डूबने की कगार पर था। सांझे? यह एक बार वहां टकराया, पहला धमाका।

194 जहाँ आपको इसे प्रतीकात्मक रूप में दर्शाने के लिए, कुछ तो करना ही होता है। जैसे की व्यक्ति ने कटोरे में थोडा सा नमक लेकर, और पानी में फेंक दिया, और कहा, "**यहोवा यों कहता है**, कि वहां पानी मीठा हो जाये।" और दूसरा एक, यीशु ने पानी को लिया और इसे एक जग में उंडेल दिया, और—और इसमें से दाखरस बनाया।

195 आपके पास कुछ तो चीज होना ही है, कि उसे प्रतिकात्मक रूप में दिखा सके। और यह वो पत्थर था, जो हवा में ऊपर गया और वापस नीचे आया। जिसने उस छोटे से चक्रवात को आरंभ किया। चौबीस घंटों के अन्दर, उसने पहाड़ को हिला दिया, यहाँ तक कि इसने वहां इसके चारों ओर चोटी को काट दिया।

196 आदरणीय श्रीमान ब्लेयर इस समय यहां बैठे हुए है, ठीक अभी उसकी ओर देख रहे है, वह वहां ऊपर थे और वहां से इसके कुछ टुकड़े और चीजें उठायी। यहां टेरी सोथमन, और वे लोग है, और वे यहाँ खड़े हुए हैं, और बिली पॉल। और भाइयों, इनमें से बहुत से दूसरे लोग यहां बैठे हुए हैं, जो ठीक वहां पर थे इसे घटित होते हुए देखने के लिए जब इसने इसे काट दिया।

197 यह कोई काल्पनिक कथा नहीं है। यह सत्य है। यह पहले बाईबल के दिनों में नहीं बात नही है। यह अभी की बात है। समझे? वही परमेश्वर जिसने हमेशा ही मुझे इन चीजों को दिखाया है, और वे पूरी हुई है, बिल्कुल शब्द दर शब्द। वे एक बार भी विफल नहीं हुयी है। अब मैं उसकी बड़ाई कर रहा हूं।

198 कुछ सप्ताह पहले, मैं एक दर्शन में था। और मैं एक—एक ऊंचे स्थान पर खड़ा हुआ था, और मुझे कलीसिया का पूर्व दर्शन को देखना था। और मैंने ध्यान दिया, कि मेरे इस ओर से आते हुए... और मैं कुछ ज्यादा ही *इस* ओर खड़ा हुआ था, पश्चिम की ओर मुंह किए हुए। और *इस* ओर से महिलाओं का प्यारा सा झुंड आ रहा था, बहुत अच्छी वेशभूषा, पीछे की ओर लंबे बाल अच्छी तरह से बनाए हुए, लम्बी आस्तीन, और घुटने से नीचे तक साफ़–सुथरी स्कर्ट। और वे सब एक साथ कदम मिलाती हुई आगे बढ़ रही थी, जैसे, "जैसे कि युद्ध के लिए आगे बढ़ते हुए मसीही सिपाही होते है, यीशु के क्रूस के साथ जो आगे–आगे जा रहे हो।" और जब वे वहां से होकर गुजरी, मैं खड़ा हुआ था, और वहां पर कुछ तो था, कोई आत्मा, जो परमेश्वर की थी, और उसने कहा, "ये वो दुल्हन है।" और मैंने देखा, और मेरा ह्रदय प्रसन्न था। और वह *इस* ओर से घूम कर निकल गयी, और घूमकर मेरे पीछे की ओर चली गयी।

199 थोड़ी देर के बाद, जब वह *इस* तरफ पीछे आ गयी, इसने कहा, "अब आधुनिक कलीसिया का पूर्व दर्शन आएगा।" और यहाँ पर एशिया की कलीसिया आती है। मैंने ऐसा गंदा झुंड कभी नहीं देखा था।

200 यहाँ पर भिन्न–भिन्न राष्ट्रों की दूसरी कलीसियाये आयी। वे दिखने में भयानक थी।

201 और मैं—मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि मैं परमेश्वर के सामने सत्य को बताने के लिए कर्तव्य से बंधा हूं। और जब उसने कहा, "यहाँ अब यह अमेरिका की कलीसिया पूर्वदर्शन में आती है," यदि मैंने कभी शैतानों का झुंड देखा है, तो यह वही था। वे स्त्रियां निवस्त्र थी, जो एक पुराने से मटमैले रंग सी दिखने वाली चीज के साथ थी, जो हाथी की खाल के रंग जैसा था। और वे इसे अपने सामने की ओर पकड़े हुई थी, इसका कोई भी ऊपरी भाग तक नहीं था। और वे इस तरह की कुछ तो क्रिया को कर रही थी, जो कि, ये—ये नाच था जिसे ये बच्चे यहाँ बाहर करते हैं, वह मटकना और बेहूदा चीजें, और उसी तरह का संगीत बज रहा था। और जब मैंने कुमारी अमेरीका को आते देखा, तो मैं लगभग बेहोश सा हो गया।

202 अब, यह **यहोवा यों कहता है**, वाला वचन है। यदि आप मुझ पर विश्वास करते हैं, कि मैं उसका सेवक हूं तो आप अब मुझ पर विश्वास करें। मैं इस बात को दुनिया की किसी भी चीज़ के लिए बिना कारण के नहीं

कह सकता। पूरे संसार में इतना पैसा नहीं है जो कि मुझ से यह कहलवा सके कि यह सत्य नहीं है।

203 और जब वह वहां पर आई, तो वह सबसे घिनौनी सी दिखने वाली चीज थी जो मैंने अब तक देखी है। मैंने सोचा, "परमेश्वर, जैसा कि प्रचारकों और हम भाईयो ने आपके लिए दुल्हन लाने के लिए कठिन परिश्रम किया है और यही सबसे अच्छा काम है जो हम कर सकते हैं।" वह मटक रही थी, और अपने सामने *इसे* पकड़े हुए थी, जैसे यह पत्तियों से बने स्कर्ट जैसी कोई चीज हो, अपने शरीर के अगले भागो के सामने इसे पकड़े हुयी थी, अपने निचले भाग के सामने, *इस* तरह से, नाच रही थी और मटक रही थी जैसे कि ये बच्चे यहाँ बाहर... उनके अश्लील कार्यक्रम में करते है, मटकते है। यह अमेरिका की कुमारी मसीहत थी।

204 मेरी सहायता करें, परमेश्वर की सहायता से, यही है जो ये उसके चेहरे पर इस प्रकार से दिखाई देता है। मैं—मैं बस... मैंने आरंभ... मैं बेहोश हो सकता था। मैंने सोचा, "मेरे सारे प्रयास, और प्रचार करना, और प्रोत्साहन के विषय में क्या? " उनमें से प्रत्येक के बाल छोटे कटे हुए थे, और वे मटक रही थी और *इसे* सामने की ओर पकड़े हुए चल रही थी। और वे पास आयी, जहां मैं इस आलौकिक अस्तित्व के साथ खड़ा हुआ था। मैं उसे देख नहीं पा रहा था। मैं उसे मुझसे बातें करते सुन रहा था; वह ठीक मेरे पास ही था। लेकिन जब वे *इस* ओर मुड़े, वे *इसे* पकड़े हुई थी। और बस मटकती हुई और हंसती हुई और चली जा रही थी, इस तरह से अपने सामने की ओर, *इसे* पकडे हुए चली जा रही थी।

205 अब, मैं उसकी उपस्थिति में वहां खड़ा हूं, और उसका सेवक। "और जो कुछ भी मैं अपनी ओर से अच्छा कर सकता हूं, सब करने की कोशिश की है? " मैंने सोचा, "परमेश्वर, इससे मेरा क्या भला हुआ? ऐसा करने से क्या भला हुआ? यह सारा चिल्लाना, और विनती करना, और विश्वास दिलाना, और महान चिन्ह और आश्चर्यकर्म और अद्भुत कार्य जो कि आपने दिखाए। और किस तरह से मैं वहां खड़ा रहा हूं, और घर जाता हूं और प्रचार करने के बाद उन पर चिल्लाता हूं और वह सब करता हूं, और इस सब से मेरा क्या भला हुआ? और उसके बाद मैं आपके सामने इस तरह की कोई चीज को प्रस्तुत करूं, एक दुल्हन के लिए? "

206 और जब मैं वहां खड़ा हुआ, देख रहा था, वह वहां से होकर गुजरी।

और आप कल्पना कर सकते है कि उसका पिछला भाग, कुछ भी ढका हुआ नहीं था, वह *इसे* अपने सामने पकड़े हुए थी, और झूमते हुए इस तरह आगे बढ़ रही थी, जैसे मटक–मटक कर चल रही हो, और अपने अंगों को इस तरह उछाल रही थी। और, वो, ओह, यह अश्लीलता थी, किस तरह से वो किए जा रही थी, अपने शरीर को ऐसे लचका रही थी। अब मैं...

207 आप कहते हैं, "भाई ब्रन्हम, इसका क्या अर्थ है? " मैं नहीं जानता। मैं तो केवल आपको बता रहा हूं जो मैंने देखा।

208 और जब वो इस तरह से वहां से गुजरी, मैंने उसकी ओर देखा। ओह, मैं बस बिल्कुल बेसुध सा हो गया। मैं बस पीछे घूम गया। मैंने सोचा, "परमेश्वर, मैं दोषी हूं। वहां—वहां मुझे कोशिश करने की कोई आवश्यकता नहीं। बस बेहतर होगा मुझे यह छोड़ देना चाहिए।"

209 श्रीमती कार्ल विलियम, यदि आप यहां बैठी हुई हैं, और वह स्वप्न जो आपने मुझे कुछ समय पहले बताया था, जो आपने उस रात देखा था, आपको परेशान कर रहा था, ये यही है। मेरे हाथ से कार के स्टेरिंग को ले लिया गया।

210 फिर मैंने बस सोचा, "मैं—मैं इसे भूल ही जाना बेहतर समझता हूँ।" मैं चला गया था।

211 तब, अचानक से, मैंने इसे फिर से आते हुए सुना। और *इस* ओर से आती हुई वही दुल्हन आती है जो घुमकर *इस* ओर चली गयी थी। यहां वह फिर से छोटी स्त्रियां आती हैं, और उनमें से प्रत्येक ने अपनी राष्ट्र की वेशभूषा पहनी हुई थी, जहां से वे आयी थी, जैसे स्विट्ज़रलैंड, जर्मनी, और इत्यादि, प्रत्येक ने उसी तरह के वस्त्र पहने हुए थे, सबके लंबे बाल थे, बिल्कुल वैसे ही जैसे कि उन पहले वाले झुण्ड के थे। और यहाँ पर वे चलती हुई आ रही थी। "मसीह के सिपाही, जैसे युद्ध के लिए आगे बढ़ते है।" और जब वे उस पूर्व दर्शन के स्थान से होकर आगे निकल गयी जहां हम खड़े थे, तब अचानक से हर एक आंख, उस ओर चली गई। और तब वे वापस मुड़ी, और वे आगे की ओर बढ़ती चली गयी।

212 और तब जैसे ही उन्होंने ठीक आकाश की ओर जाना आरम्भ किया, यह दूसरा झुण्ड ऊपर उस पहाड़ के किनारे तक गया और *इस* तरह से नीचे जाने लगा।

213 इन्होने सीधे ऊपर आकाश की ओर बढ़ना आरम्भ किया। और जब वे चलते हुए आगे बढ़ने लगी, मैंने ध्यान दिया कुछ छोटी लड़कियां जो पीछे की तरफ थी, ऐसा दिखाई दिया कि वे कोई विदेशी लड़कियां हैं, जैसे कि स्वीडन या स्विटजरलैंड, या किसी और स्थान की थी। उन्होंने इधर उधर देखना आरंभ किया, और... मैंने कहा, "ऐसा मत करो! उस कदम ताल की रेखा से बाहर मत निकलो!" और जब मैंने इस प्रकार से चिल्लाया, मैं दर्शन से बाहर आ गया, *इस* तरह से हाथ को ऊपर किए खड़ा हुआ था। मैंने सोचा, "अच्छा... "

214 यही कारण है कि मैंने इसे कहा जो आज रात मेरे पास है। मैं आपसे एक प्रश्न पूछना चाहता हूं। क्या यह आपके सोचने से भी अधिक देर हो गयी है? क्या हो सकता है उसे पहले ही बुला लिया गया है और चुना गया है, मोहर किया गया है? आप जानते है, वहां कोई एक भी अतिरिक्त नहीं होगा। क्या यह संभव हो सकता है? ओह, हाँ। ओह, हाँ।

215 याद है उस दिन मैंने नाश्ते पर क्या कहा था। नर और मादा के प्रजनन के शुक्राणु पर, वहां लाखों जीवाणु आगे जाते हैं, लाखों अंडे आगे जाते हैं। लेकिन उनमें से एक ही होता है जो जीवित रहता है, और, जब की, वे सभी एक से होते हैं: पर दस लाख में एक ही होता है। उनमें से प्रत्येक, एक सा अंडा है और एक ही तरह का जीवाणु है। उनमें से एक ही जीवित रहता है। और उनमें से शेष मर जाते हैं।

216 कोई भी नहीं बता सकता कि कौन सा वो एक होगा जो कि परिपक्व अंडा होगा, और, ओह, इसके विषय में क्या है। परमेश्वर को ही यह तय करना है, कि क्या ये एक लड़का होगा या लड़की होगी, वह सुनहरे या काले बालो वाली होगी या ये जो कुछ भी होने जा रहा है। परमेश्वर इसे तय करता है। ऐसा नही कि पहला वाला जाकर मिलता है, लेकिन उस पहले एक को परमेश्वर ही तय करता है। हो सकता है एक *यहाँ* से आये, और एक... यदि आपने कभी देखा है, परिक्षण की नली में, उन शुक्राणु को एक साथ आते देखते है। मैंने इसे देखा है। परमेश्वर को ही इसे तय करना है। वे सारे एक जैसे होते है, लेकिन ये चुनाव के द्वारा ही होता है। स्वाभाविक जन्म चुनाव के द्वारा होता है। परमेश्वर एक को दस लाख में से लेता है।

217 जब इस्राएल ने मिस्र को छोड़ा, वे प्रतिज्ञा के देश की ओर उनके मार्ग पर थे, तो वे लगभग बीस लाख लोग थे। उनमें से प्रत्येक उसी एक बलिदान

किए मेमने के नीचे था, नही तो वे जीवित नहीं रहते। उनमें से हर एक ने मूसा की सुनी, उस भविष्यवक्ता की। उनमें से हर एक ने उसके लिए लाल समुद्र में बपतिस्मा लिया था। उनमें से हर एक नाचा, मरियम के साथ जो स्त्रियां थी, ऊपर और नीचे (जब) उस समुंद्र के किनारे पर, जब परमेश्वर ने शत्रु को नष्ट कर दिया। उनमें से हर एक मूसा के साथ खड़ा हुआ, और उसे आत्मा में गाते हुए सुना। वे, उनमें से हर एक ने, जंगल में मन्ना खाया, जो स्वर्ग से नीचे गिरता था। हर रात को, नया मन्ना, जो कि संदेश का एक नमूना है, हर एक ने उसमें से खाया। लेकिन, बीस लाख में से, कितनों ने इसे कर दिखाया? दो। दस लाख में से एक।

218 आज रात समस्त संसार में पचास करोड़ मसीही लोग है, जिनमें कैथोलिक और सारे शामिल हैं। पचास करोड़ नाम के कहलाने वाले विश्वासी संसार में है। यदि आज रात रैपचर होता है, तो इसका अर्थ होगा... यदि दस लाख में से एक की गिनती थी। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि ऐसा ही है। लेकिन यदि ऐसा है, तो अगले चौबीस घंटों में, पांच सौ लोग, गायब होंगे। आप इस विषय में कभी सुनेगे भी नही। कैसे भी यदि इतने लोग लापता भी हो जाए, जो भी हो, उनके लिए सोचा तक नहीं जाएगा।

219 तो मित्रो यह हमारे लिए भी हो सकता है, जैसे यह तब हुआ जब यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला आया। यहां तक कि चेलों ने भी कहा, "वचन ऐसा क्यों कहता है, वे—वे प्रेरित या भविष्यव्यक्ता क्यों कहते हैं, ऐसा फिर क्यों कहा जाता है कि एलिय्याह को पहले आकर और सब बातों को वापस लौटाना अवश्य है? "

220 उसने कहा, "मैं तुमसे कहता हूं कि एलिय्याह तो आ चुका, और तुम इसे नहीं जानते।"

221 इन दिनों में से एक दिन हम यहां बैठे रह सकते हैं, "इससे पहले कि महासंकट आए रैपचर के विषय में क्या है? "

"ये तो पहले ही हो चुका और तुम इसे नही जान पाए।"

222 सारी देह, मोहर हो चुकी है, बस वह अपने स्थान पर आ रही है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह इसी तरह से है। मैं आशा करता हूं कि ये इस तरह से नहीं है। लेकिन, मित्रो, जबकि हम...

223 यदि आज रात हमारे ह्रदय पर एक अनुभव हुआ है, कि हमें अपने जीवन को सही कर लेना चाहिए, और वे चीजें जो हमने की हैं, मैं एक सेवक भाई

होने के नाते, आपको परामर्श देता हूं। मैं इसे पहली बार पुलपीट पर से कहने जा रहा हूं। मैंने आज रात *इस* बात को बहुत खोल कर कहा है, इतना मैंने पहले किसी बात पर, किसी भी समय, सभी लोगों के सामने नही कहा, क्योंकि मुझे इन सभाओं में बड़ी स्वतंत्रता मिली है। यदि आप मुझ पर विश्वास करते हैं कि मैं परमेश्वर का भविष्यव्यक्ता हूं, तो जो मैंने बताया है उसे आप ध्यान से सुने। यदि आपके ह्रदय में थोडी सी भी शंका की अनुभूति हो रही है, तो अभी आप परमेश्वर के पास जाये। आप ऐसा करें।

224 जरा एक मिनट के लिए रुकना, भाई। आप अपने—अपने संप्रदायों की ओर देखो, जिनकी आप सेवा करते हैं। अपनी कलीसियाओ की ओर देखो। क्या यह ठीक परमेश्वर के वचन के साथ है? क्या आपने हर योग्यता को पूरा किया है? कहते है, "मैं एक भला मनुष्य हूं।" ऐसे ही नीकुदेमुस, और बाकी के सारे लोग भी थे। वे—वे अच्छे लोग थे। देखा? इस बात से इसका कोई लेना-देना नहीं।

225 और, महिलायें, मैं चाहता हूं कि आप दर्पण में देखे, और देखे परमेश्वर एक महिला से क्या चाहता है कि वह करे। और परमेश्वर के दर्पण में देखे, ना ही अपनी कलीसिया के दर्पण में, परमेश्वर के दर्पण में; और देखे कि क्या आप अपने जीवन में यीशु मसीह की आत्मिक दुल्हन की योग्यता को पूरा कर सकती हैं।

226 सेवकों, आप इसी तरह से सोचे। क्या आप *यहाँ* सत्य से समझौता करते हैं. ताकि किसी की भावनाओं को ठेस न पहुँचे? यदि ऐसा नही था तो क्या आप *ऐसा* करेंगे... यदि वे आपको अपने कलीसिया से बाहर निकाल दे? मेरे प्यारे भाई, यदि आप इस तरह से महसूस करते हैं, तो मैं आपको यीशु मसीह के नाम में चेतावनी देता हूं, वहां से ठीक अभी निकल जाये।

227 और, महिला, यदि आप एक मसीही की योग्यता के लिए खरी नहीं उतर सकती है, ना ही नाममात्र मसीही के रूप में, लेकिन अपने ह्रदय में, और आपका जीवन बिल्कुल ठीक परमेश्वर के विवाह के प्रमाण पत्र का नमूना है, यहाँ, कहते है कि ये ऐसा होना ही है...

228 और, कलीसिया के सदस्य, यदि आपकी कलीसिया इस तरह से नहीं है, उसके वचन की परमेश्वर की योग्यता में खरी नहीं उतर सकती है, तो उसमें से बाहर निकले और मसीह में आ जाये।

229 यह गंभीर चेतावनी है। हम नहीं जानते किस समय, और आप नहीं जानते कि किस समय, एक दिन यह शहर यहाँ इस समुद्र की तलहटी में पड़ा होगा।

230 "ओह, कफरनहूम," यीशु ने कहा, "तू जो स्वर्ग तक उठाया गया, अधोलोक तक नीचा किया जाएगा। क्योंकि, यदि सामर्थ के काम सदोम और अमोरा में किए गए होते, तो यह आज के दिन तक खड़ा होता।" और सदोम, और अमोरा मृत सागर के तलहटी में पड़ा है। और कफरनहूम समुंदर की तलहटी में है।

231 तू जो नगर है, जो अपने को दूतों के नगर होने का दावा करता है, जिसने अपने आप को स्वर्ग तक ऊंचा उठाया, और सारी गंदी, फैशन की अश्लील चीजों और इत्यादि को भेजा, यहां तक कि बाहर के देश भी यहां आकर हमारी गंदगी को बटोर कर और इसे बाहर भेजते हैं, अपनी अच्छी कलिसियाओ और मीनारों, और इत्यादि में, जिस तरह से तुम ऐसा करते हो। याद रखना, एक दिन तू इस समुद्र की तलहटी में पड़ा होगा, तेरा बड़ा मधुमक्खी के छत्ते का सा खोखलापन ठीक अभी तेरे नीचे है। परमेश्वर का क्रोध ठीक तुम्हारे नीचे उबल रहा है। कितने समय तक इस रेत की पट्टी को पकड़े रखोगे, जो उसके ऊपर लटक रही है? जब कि वहाँ दूर वह समुंद्र, जो एक मील गहरा है, वहां अंदर आकर पूरी तरह साल्टन के समुंद्र तक भर जाएगा। यह पोम्पेई के अंतिम दिन से भी बदतर होगा। पश्चाताप करो, लॉस एंजिल्स।

232 बाकी के आप लोग भी, पश्चाताप करो, और परमेश्वर की ओर मुड़ जाओ। परमेश्वर के क्रोध की घड़ी धरती के ऊपर है। भागो, जब तक भाग निकलने का समय है, और मसीह में आ जाओ।

आइए हम प्रार्थना करें।

233 प्रिय परमेश्वर, जब, मैं अपनी आत्मा में, कांप रहा हूं, मेरे ह्रदय से चेतावनी के आंसू की बुंदे गिर रही है। प्रदान करे, हे परमेश्वर, मैंने जो इन पुरुष और महिलाओं से कहा है वे इसे हंसी–मजाक न समझे, और कलीसिया के लोग इस विषय में यह ना सोचे जैसे कि यह कोई पक्षपात है या उनके विरोध में कुछ है। प्रभु, होने दे कि वे देख सके, कि यह प्रेम में है।

234 सर्वशक्तिमान परमेश्वर, आप मेरे गवाह है, इस तट पर मैं वर्षो और वर्षो से आता रहा हूं, आपके वचन को प्रचार कर रहा हूं। हे परमेश्वर, मेरी

गवाही को रखे, यदि आज रात यह घटित हो जाता है, कि मैंने सत्य को बताया है। आप जानते हैं कि दुल्हन का यह दर्शन सत्य है। मैंने इसके द्वारा आपका नाम लिया है, प्रभु, और यह कहा था कि **यह यहोवा यों कहता है** वाला वचन है। और मैं यह महसूस करता हूं कि मैं सचेत या जागरूक हूं, प्रभु, कि मैं क्या कर रहा हूं।

235 इसलिए प्रभु मैं यीशु के नाम में आपसे प्रार्थना करता हूं, कि लोग अपने आप को आज रात हिलाए, और उस आने वाले क्रोध से भागे, क्योंकि ईकाबोद का नाम उन द्वार के ऊपर और राष्ट्रों के ऊपर लिखा हुआ है। और एक काला सही होने का चिन्ह इसके ऊपर लग गया है। परमेश्वर का आत्मा इससे बहुत शोकित हुआ है, और वे तराजू में तौले गए और हल्के पाए गए। नबूकदनेस्सर राजा का पर्व फिर से दोहराया गया है, शराब पीने वाली पार्टियों और आधे कपड़े पहने महिलाओं के साथ, जो अपने आप को मसीह कहलाते हैं।

236 हे स्वर्ग के परमेश्वर, इस पाप से भरे संसार और पाप से भरे लोगों के ऊपर दया करे, प्रभु, जैसे कि हम आज रात हैं। परमेश्वर, मैं इस बिचवाई में खड़े होने का प्रयास कर रहा हूं और दिव्य दया के लिए मांगता हूं, कि आप आज रात इस भीड़ से बात करें और अपनी दुल्हन का ध्यान आकर्षित करें, प्रभु, कि किसी भी संप्रदाय के चिन्ह के द्वारा आगे ना बढ़े, लेकिन प्रभु यीशु मसीह के सुसमाचार की आवाज के द्वारा। हे परमेश्वर, इसे प्रदान करे। आज रात उन्हें यह पता चल जाये कि आप ही परमेश्वर है, और आपका वचन सत्य है। जबकि, इन लोगों के सामने, गंभीरता से, हम इनका ध्यान आपके वचन की ओर खींचते हैं।

237 यीशु मसीह के नाम में, मैं उनके लिए प्रार्थना करता हूं, प्रभु। उन्होंने आपको देखा है, किसी भी संदेह की छाया से परे, उनकी भीड़ में से होकर निकलते हुए और उन्हें बताते हैं कि उनके हृदय में क्या है। और आप जानते हैं, प्रभु, कि, ठीक अभी, क्या हो रहा है। आप जानते है कि यह सत्य है, हे परमेश्वर। और मैं आपसे यीशु के नाम में प्रार्थना करता हूं, होने दे कि पवित्र आत्मा फिर से बिचवाई को करे, प्रभु, और इस श्रोतागण में से खींच ले, प्रभु, जिनके नाम मेमने की जीवन की पुस्तक में लिखे हुए हैं। हे परमेश्वर, इसे प्रदान करे। मैं पूरे हृदय से प्रार्थना करता हूं।

238 स्वाभाविक रूप में यह लोग, प्रभु, इस संदेश को समर्थन देने में उनका

अपना एक–एक पैसा भी दे देंगे। वे कुछ भी करेंगे जो वे कर सकते है। लेकिन, हे परमेश्वर, जब इसके अनुसार चलने की बात आती है, और इसमें आने की बात आती है, मैं प्रार्थना करता हूं, परमेश्वर, कि यह आज की रात हो कि आप उन्हें ईनाम देंगे और इस कन्वेंशन में अपनी पवित्र आत्मा को उंडेलेंगे। और होने पाए कि कोई खेल–तमाशा या उछलना–कूदना वहां पर ना हो, लेकिन एक विलाप करना, रोना, और एक पश्चाताप करना हो, वेदी के सींगो को पकड़े रहे, जबकि आज रात हम देख रहे है कि न्याय हमारे नीचे गरज रहा है। परमेश्वर, इसे प्रदान करें। मैं उतनी ही ईमानदारी से प्रार्थना करता हूं जितना मैं जानता हूं कि कैसे करना है, यीशु मसीह के नाम में।

239 मेरे भाईयों, बहनो, मैं—मैं नहीं जानता कि इससे अधिक और क्या कहा जाए, यदि परमेश्वर की सामर्थ से, मैंने आपकी दृष्टि में अनुग्रह को पाया है, यदि आप मुझ पर उसका भविष्यव्यक्ता होने का विश्वास करते हैं। यह सार्वजनिक रूप में पहली बार है कि मैंने इसे कभी कहा है। लेकिन मैं किसी प्रकार की एक अजीब सी चेतावनी को महसूस कर रहा हूं। मेरा इसकी ओर झुकाव नहीं है। आप जानते हैं कि मेरा नहीं है। मैं इस तरह की प्रतिक्रिया नहीं करता। मैं इस संदेश को बोलने से और उन बातों को बोलने से हिचकिचा रहा था। मैं ऐसा करने से बचने के लिए इधर–उधर होता रहा और ऐसा करने से बचता रहा। लेकिन इसे कहा जा चुका है, और यह न्याय के दिन पर सामने आएगा, एक गवाह के रूप में कि मैंने सत्य बताया है। यह **यहोवा परमेश्वर यों कहता है,** वाला वचन है!... ? ...

240 ओह, पेंटेकोस्ट, अपने जीवन के लिए दौड़ों। वेदी के सींगों की ओर दौड़ों और रोओ, इससे पहले की बहुत देर हो जाए, क्योंकि वो समय आएगा जब आप रो सकते है और इससे कोई लाभ न होगा। क्योंकि ऐसाव ने अपने जन्म सिद्ध अधिकार के स्थान को पाना चाहा, और इसे नहीं पा सका। मैं आपको सौपता हूं, ओह, कैलिफोर्निया। ओह, फुल गोस्पल बिजनेस मेन का कन्वेंशन, जिसे मैं प्रेम करता हूं, जिसे मैं छोड़ चुका हूं और जिसे मैंने अपने ह्रदय से बांध रखा है, मैं आज रात आपको यीशु मसीह को सौंपता हूं। उसकी ओर दौड़ो! शैतान आपको इसके लिए कभी भी ठंडा ना करने पाए। ठीक इसके साथ बने रहे जब तक आप हर एक जन, पवित्र आत्मा से भर नहीं जाते, इतना अधिक, जो आपको इस वचन की ओर आने को लगायेगा, जो कि आप महिलाओं का सुधार कर देगा, जो आप पुरुषों का

सुधार कर देगा। यदि आप कहते हैं कि आपके पास पवित्र आत्मा है, और वचन के अनुरूप नही होते है, तो आप में ये कोई दूसरी आत्मा है। परमेश्वर का आत्मा उसके वचन पर है, मसीहा, अभिषिक्त वचन। दुल्हन को अवश्य ही एक मसीही होना चाहिए, अभिषिक्त वचन।

241 आइए हम प्रभु यीशु मसीह के नाम में अपने पैरों पर खड़े हों जाए। यदि आप मेरी आवाज को फिर ना सुने... यदि, प्रभु ने चाहा तो, मैं कुछ घंटों में अफ्रीका जा रहा हूं। हो सकता है मैं कभी वापस ना आऊं। मैं नहीं जानता। लेकिन मैंने आपको अपने पूरे ह्रदय से सत्य को बता दिया है। मैंने आपसे कोई भी बात नही छिपायी, जो परमेश्वर ने आप लोगो को बताने के लिए मुझ से कहा। और मैंने यह प्रभु के नाम में कहा है।

242 यह पवित्र क्षण है। मैं नहीं जानता कि इसे कैसे व्यक्त किया जाए। मैंने पुलपीट को तीन या चार बार छोड़ने की कोशिश की है, और मैं इसे नहीं कर सका। यह एक पवित्र घड़ी है। आप इसे कभी ना भूलें। हो सकता है, यही वो समय हो कि परमेश्वर अपनी अंतिम पुकार को कर रहा हो। मैं नहीं जानता। किसी दिन वह अंतिम बार पुकारेगा। कब? मैं नहीं जानता। लेकिन मैं आपको उस दर्शन के अनुसार बता रहा हूं, ये ऐसा लगता है कि दुल्हन का काम समाप्त होने पर है।

243 नाममात्र की कलीसियाओ को देखो जो आ रही है। जब सोई हुई कुंवारी तेल के लिए आती है, तो वो इसे लेने में असफल रही। दुल्हन अंदर चली गयी। रैपचर हो जाता है। "जब वे तेल को खरीदने गयी, दूल्हा आ पहुंचा।"

244 क्या आप सो रहे हैं? जल्दी से जाग जाओ, और अपने आपे में आ जाओ। और आइए हम में से प्रत्येक जन इस तरह प्रार्थना करें, जैसे कि हम इसी मिनट मर रहे हो, प्रभु के नाम में। आइए, हम में से प्रत्येक जन, अपने-अपने तरीके से प्रार्थना करें।

245 सर्वशक्तिमान परमेश्वर, हम पर दया करे। प्रभु, मुझ पर दया करे। हम सब पर दया करे। इससे क्या लाभ होता है, हम क्या करते है कोई मतलब नहीं, यदि हम इन चीजों में असफल होते हैं? हे परमेश्वर, मैं खड़े होकर और दया के लिए मांगता हूं, इससे पहले यह बड़ा शहर सागर में डूब जाए, और परमेश्वर का न्याय इस तट को साफ कर दे। मैं प्रार्थना करता हूं परमेश्वर, कि आप अपनी दुल्हन को पुकारे। मैं उन्हें यीशु मसीह के नाम में, आपको सौंपता हूं। आमीन। आमीन... ?... मैंने सच्चाई को बताया... ?...

65-0429E एक दुल्हन का चुना जाना
बिल्टमोर होटल
लोस एंजलिस, कैलिफोर्निया यू.एस.ए

HINDI

©2026 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

Voice Of God Recordings, India Office
19 (New No: 28) Shenoy Road, Nungambakkam
Chennai 600 034, India
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

Voice Of God Recordings
P.O. Box 950, Jeffersonville, Indiana 47131 U.S.A.
www.branham.org

## सर्वाधिकार सूचना

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस पुस्तक को व्यक्तिगत उपयोग के लिए घर के प्रिंटर पर छापा जा सकता है या यीशु मसीह के सुसमाचार को फैलाने के लिए एक साधन के रूप में निःशुल्क दिया जा सकता है। वॉयस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग्स® की स्पष्ट लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक को बेचा नहीं जा सकता, बड़े पैमाने पर प्रतिलिपि तैयार नहीं किया जा सकता, वेबसाइट पर पोस्ट नहीं किया जा सकता, पुनर्प्राप्ति प्रणाली में संग्रहीत नहीं किया जा सकता, अन्य भाषाओं में अनुवाद नहीं किया जा सकता, या धन मांगने के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।


अधिक जानकारी या अन्य उपलब्ध सामग्री के लिए कृपया संपर्क करें:


Voice Of God Recordings, India Office
19 (New No: 28) Shenoy Road, Nungambakkam
Chennai 600 034, India
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

Voice Of God Recordings
P.O. Box 950, Jeffersonville, Indiana 47131 U.S.A.
www.branham.org